अश्विन कृष्ण पक्ष-7, 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 93 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल

24 सितम्बर 2024 मंगलवार

आज का मौसम

30 अधिकतम

25 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो




**कांग्रेस के समर्थन मूल्य बढ़ाने के आंदोलन का 'जवाब' देने की तैयारी मंत्रियों की ड्यूटी लगी**

# सरकार का किसान मोर्चा: सोयाबीन के लिए 1100 करोड़ की लोन गारंटी, खरीद की तैयारी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र में सोयाबीन फसल पर किसानों को मिलने वाली कीमतों पर घमासान के बीच आज मोहन यादव सरकार सोयाबीन खरीदी की तैयारी पर चर्चा कर रही है। इसके लिये मार्कफेड को 1100 करोड़ रुपए का लोन लेने की गारंटी भी लेगी। खरीदी अक्टूबर से शुरू करने की तैयारी है। सीएम यादव ने कैबिनेट बैठक में मंत्रियों को निर्देश दिए कि सोयाबीन खरीद के लिए पंजीयन शुरू हो रहे हैं। सभी मंत्री किसानों का पंजीयन सुनिश्चित कराएं तथा समर्थन मूल्य पर गुणवत्ता वाला सोयाबीन खरीदें। इसके साथ ही दर्जन भर प्रस्ताव भी चर्चा के लिये प्रस्तुत किये गये हैं। कैबिनेट की बैठक में नवरात्र पर्व के दौरान धार्मिक आयोजनों और कानून व्यवस्था पर भी सीएम ने मंत्रियों के साथ चर्चा की है। इस बारे में मैदानी अफसरों को वे कल ही हिदायतें दे चुके हैं।

कैबिनेट बैठक में सोयाबीन खरीदी पर एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) पर चर्चा इसलिए अहम है क्योंकि कांग्रेस ने यह मूल्य 6 हजार रूपये करने के लिये जोरदार आंदोलन चलाया है। इसके तहत किसान न्याय यात्रा व ट्रेक्टर मार्च भी निकला है। बताया जाता है कि सरकार मार्कफेड को सोयाबीन खरीदने के लिए लोन लेने की गारंटी देगी। मार्कफेड बैंक से 1100 करोड़ रुपए का लोन लेगा। किसानों से समर्थन मूल्य पर सोयाबीन खरीदी का कार्य 25 अक्टूबर से 31 दिसंबर तक कराए जाने और किसान ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर 25 सितंबर से 15 अक्टूबर तक पंजीयन कराने पर विचार किया जा रहा है। ज्ञात हो कि सरकार ने सोयाबीन का न्यूनतम समर्थन मूल्य 4892 रुपए तय किया है। केंद्र सरकार ने मप्र को 13.16 लाख मीट्रिक टन सोयाबीन खरीदी को मंजूरी दी है। इसके लिए केंद्र सरकार 7000 करोड़ रुपए देगी। सीजन में 50 लाख मीट्रिक टन से ज्यादा सोयाबीन उत्पादन का अनुमान है।



**नवरात्र पर्व चर्चा** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कलेक्टरों-पुलिस अधीक्षकों को नवरात्र पर्व के दौरान देवालयों में आवागमन और अन्य सुविधाओं के साथ कानून व्यवस्था पर खास चौकसी रखने के निर्देश दिए हैं। कैबिनेट की बैठक में प्रभारी मंत्रियों से जिलों में देवी की आराधना पर्व के दौरान हर एक्टिविटी पर निगाह रखने और दुर्गा पूजा के लिए बनाए गए पांडालों, गरबा कार्यक्रमों में सतर्कता रखने और किसी तरह गड़बड़ी पर कार्यवाही के लिए चर्चा करेंगे।

## 5 को संग्रामपुर में कैबिनेट बैठक, मंत्री करेंगे शस्त्र पूजा

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है 5 अक्टूबर की मंत्रिपरिषद की बैठक दमोह जिले के संग्रामपुर में होगी। यह रानी दुर्गावती के प्रति राज्य सरकार का द्वारा सम्मान का प्रकटीकरण है। उल्लेखनीय है कि संग्रामपुर रानी दुर्गावती की राजधानी रहा है। मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव ने मंत्री परिषद की बैठक से पहले अपने संबोधन में यह बात कही। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि इस वर्ष दशहरा शस्त्र पूजन के साथ मनाया जाएगा। सभी मंत्री अपने प्रभार के जिलों के पुलिस के शस्त्रागार में शस्त्र पूजन करेंगे। मुख्यमंत्री यह भी कह चुके हैं कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर के 300वें जन्म शताब्दी वर्ष में उनके प्रति सम्मान प्रदर्शित करने के लिए मंत्रिपरिषद की बैठक महेश्वर में आयोजित की जाएगी। देवी अहिल्या की न्यायप्रियता, शासन-प्रशासन में नवाचार, लोक कल्याण सहित उनके सम्पूर्ण व्यक्तित्व व कृतित्व पर शोध केलिए देवी अहिल्याबाई विश्वविद्यालय इंदौर में शोध पीठ स्थापित की जाएगी।

## 32 दिन में जेलेंस्की से फिर मिले मोदी



**न्यूयार्क, एजेंसी।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका दौरे के तीसरे दिन यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से मुलाकात की। 32 दिन के भीतर ये दोनों नेताओं की दूसरी मुलाकात रही। यूक्रेन दौर पर मोदी जेलेंस्की से मिले थे। मोदी ने एक्स पर लिखा है-हम द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए यूक्रेन दौरे पर हुए फैसलों को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वहीं, विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने बताया कि मोदी ने जेलेंस्की से कहा है कि वे कई देशों के नेताओं से रूस-यूक्रेन जंग को लेकर बात करते रहते हैं। सबका मानना है कि जल्द सीजफायर का रास्ता खोजना चाहिए। जेलेंस्की ने जंग रोकने के लिए किए जा रहे मोदी के प्रयासों के लिए उन्हें धन्यवाद दिया।

## इजरायल की हिजबुल्लाह पर जबर्दस्त एयरस्ट्राइक, 16सौ टारगेट ध्वस्त

**बेरूत, एजेंसी।**

इजराइली डिफेंस फोर्स ने हिजबुल्लाह के 1600 टारगेट को निशाना बनाते हुए लेबनान में जर्बदस्तएयर स्ट्राइक करके 10 हजार रॉकेट्स बर्बाद करने का दावा किया है। वहीं, लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इस हमले में अब तक 492 लोगों की मौत हुई है। इनमें 58 महिलाएं और 35 बच्चे हैं। 1,645 लोग घायल हैं। खबरों के मुताबिक 06 में इजराइल-लेबनान जंग के बाद लेबनान पर हुआ यह सबसे बड़ा हमला है। लेबनान में 25 सितंबर तक के लिए स्कूल-कॉलेज बंद कर दिए गए हैं। ऑपरेशन को ÷नॉर्दर्न एरोज÷ नाम दिया है। आईडीएफ का दावा है कि हिजबुल्लाह दक्षिणी लेबनान में घरों में मिसाइलें छुपाकर रखता है जिन्हें लगभग एक साल से इजराइल में दागा जा रहा है।




वहीं, यूएन चीफ एंटोनियो गुटेरेस ने कहा है कि वे नहीं चाहते लेबनान दूसरा गाजा बन जाए। दूसरी तरफ लेबनान से पलटवार की आशंकाओं के बीच इजराइल में एक हफ्ते की इमरजेंसी लगाई गई है। इससे पहले आईडीएफ ने वीडियो जारी कर लेबनान के नागरिकों को खतरे वाले इलाके से दूर चले जाने को कहा था।

## दूसरे चरण की वोटिंग कश्मीर में कल, इसमें गठबंधन मजबूत

**श्रीनगर, एजेंसी।**

जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में कल 6 जिलों की 26 विधानसभा सीटों पर वोटिंग होगी। इसमें 25.78 लाख मतदाता वोट डाल सकेंगे। इस चरण में कांग्रेस व नेशनल कांफ्रेस के गठबंधन उम्मीदवारों को ज्यादा मजबूत माना जा रहा है। सेकेंड फेज की 26 सीटों में से 15 सीटें सेंट्रल कश्मीर और 11 सीटें जम्मू की हैं। चुनाव आयोग के मुताबिक, दूसरे फेज में 239 कैंडिडेट्स मैदान में हैं। दूसरे फेज में पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला गांदरबल और बीरवाह से चुनाव लड़ रहे हैं। उमर लोकसभा चुनाव में बारामुला सीट तिहाड़ जेल से चुनाव लड़े इंजीनियर राशिद से हार गए थे। इस बार भी गांदरबल सीट पर उनके खिलाफ जेल में बंद सरजन अहमद वागे उर्फ आजादी चाचा मैदान में हैं।



इससे पहले 18 सितंबर को पहले फेज में 7 जिलों की 24 विधानसभा सीटों के लिए वोटिंग हुई। इस दौरान 61.38 प्रतिशत मतदान हुआ। किश्तवाड़ में सबसे ज्यादा 80.20 प्रतिशत और पुलवामा में सबसे कम 46.99प्रतिशत वोटिंग हुई।

## अनिल की कंपनी का नया पंच, बाजार में धमक

**मुंबई, एजेंसी।**




भारी कर्ज में डूबे कारोबारी अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस पावर के दिन बदल रहे हैं। कंपनी का शेयर आज लगातार पांचवें दिन अपर सर्किट में फंस गया। बाजार में गिरावट के बावजूद शेयर आसमान पर दिखा। पांच दिन में इसकी कीमत में 25 फीसदी तेजी आई है और यह 52 हफ्ते के टॉप पर पहुंच गया है। बीएसई पर पिछले सत्र में यह 38.16 रुपये पर बंद हुआ था और आज 40.06 रुपये पर पहुंच गया। इस तेजी के साथ ही कंपनी का मार्केट कैप 16, 091. 99 करोड़ रुपये पहुंच गया है। ज्ञात हो कि अंबानी की रिलायंस पावर और उसकी प्रमोटर रिलायंस इन्फ्रा ने हाल में अपना कर्ज कम किया है। रिलायंस 1,525 करोड़ रुपये जुटाना चाहती है। शेयर बाजार ऑपरेटर संजय डांगी और इक्विटी निवेशक संजय कोठारी भी अंबानी की कंपनी में 925 करोड़ रुपये निवेश करने तैयार हैं।

## विदाई से पहले जमकर बरस रहा मानसून

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में विदाई से पहले मानसून फिर जोरदार तरीके से बरसने लगा है। हालांकि अभी भोपाल में राहत है। मगर अन्य इलाकों में सितंबर में ही चौथी बार स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव है। इस वजह से 3 दिन तक मध्यप्रदेश में तेज बारिश का दौर बना रहेगा।



अगले 24 घंटे में इंदौर-धार समेत 8 जिलों में तेज बारिश होने का अलर्ट है। मौसम विभाग के अनुसार, झाबुआ, धार, बड़वानी, इंदौर, खरगोन, बैतूल, पांढुर्णा, बालाघाट में तेज बारिश का अलर्ट है। ग्वालियर, मुरैना, श्योपुर, भिंड, दतिया, शिवपुरी, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना, रीवा, गुना, नीमच और मंदसौर में तेज धूप खिली रहेगी।

## सांप और गिलहरी की वजह से ट्रेनें रद्द !

**नई दिल्ली, एजेंसी।**



यूं तो ट्रेन रद्द होने के कई कारण होते हैं। लेकिन सांप की वजह से मप्र के जबलपुर से जा रही गरीब रथ एक्सप्रेस बाधित हुई और कोच को ही अलग करना पडा, वहीं यूनाइटेड किंगडम में भी एक ट्रेन को गिलहरियों की उछलकूद में निरस्त ही करना पड़ा। बताया जा रहा है कि ट्रेन गैटविक जा रही थी। तभी गिलहरी का एक जोड़ा घुस आया और अंदर ही फंस गया। उछल-कूद करता देख यात्रियों ने उन्हें भगाने की कोशिश की, लेकिन डर के मारे गिलहरियों का जोड़ा एक जगह फंस गया। इसके बाद रेल को कैंसिल कर दिया। इधर गत दिवस जबलपुर-मुंबई गरीब रथ एक्सप्रेस के एसी कोच में सांप निकलने से हड़कंप मच गया। सांप उपरी बर्थ के हैंडल पर लिपटा हुआ था। रेंगते हुए वह एसी वेंट में घुसने की कोशिश करने लगा। कंबल फेंककर पकड़ने की कोशिश नकाम रही तो कोच अलग किया गया।

## डंकी रूट पर राहुल ने घेरा भाजपा को

**नई दिल्ली, एजेंसी।**



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अमेरिका यात्रा से लौटने के बाद अब परोक्ष तौर पर डंकी रूट का मामला उठाया है। वे हाल में हरियाणा में करनाल के घोघड़ीपुर गांव में पहुंचे थे, यहां उन्होंने अमेरिका में रहने वाले अमित के परिजनों से मुलाकात की। जो कि, वहां सड़क हादसे में घायल हो गया था। दरअसल, अमित डंकी रूट से ही अमेरिका पहुंचा था और अब उसे वापस आने में दिक्कत हो रही है। डंकी रूट का मुद्दा सीधे बेरोजगारी से जुड़ा है और कांग्रेस का इस चुनाव में मुख्य मुद्दा ही बेरोजगारी का है। इसी पर अब राहुल गांधी ने हरियाणा सरकार पर तंज कसते हुए एक्स पर लिखा कि बड़ी संख्या में युवा बेहतर रोजगार और अवसरों की तलाश में विदेशों की ओर रुख कर रहे हैं। भाजपा सरकार के 10 वर्षों के शासन में रोजगार के अवसरों की कमी के चलते यह स्थिति और गंभीर हो गई है। युवा यातनाओं की यात्रा करने को विवश हो रहे हैं।

## जबलपुर ननि को घेरने पहुंचे पटवारी व सिंघार

**जबलपुर, एजेंसी।**



लचर शहरी व्यवस्था के खिलाफ आज मप्र कांग्रेस जबलपुर में नगर निगम पर हमलावर है। गौरतलब है कि जबलपुर महापौर चुनाव कांग्रेस जीती थी लेकिन महापौर द्वारा भाजपा में चले जाने के बाद वह खाली हाथ है। इसी के चलते आज प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार जबलपुर में प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे हैं। पूर्व वित्त मंत्री तरुण भनोत सहित कई दिग्गज नेता भी शामिल हैं। सिविक सेंटर पार्क में एक जनसभा भी हो रही है। यहां से नेता नगर निगम का घेराव करने बढेंगे। प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए नगर निगम के पास बेरीकेड लगाए गए है।

**मेट्रो एंकर**

**36 साल से नहीं कर रहे थे कोई उपयोग**

## शिंदे सरकार ने गावस्कर को बोल्ड किया बेशकीमती भूखंड वापस लेकर रहाणे को सौंपा

**महाराष्ट्र, एजेंसी।**



महाराष्ट्र सरकार ने क्रिकेट दिग्गज सुनील गावस्कर को झटका दिया है और मुंबई के पॉश बांद्रा इलाके में एक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स (खेल परिसर) विकसित करने के लिये दिये गये 2,000 वर्ग मीटर प्लाट को अब टीम के दिग्गज बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे को पट्टे पर देने की मंजूरी दे दी है। यह विशाल भूखंड को गावस्कर बीते 36 साल से किसी काम में नहीं ले रहे थे और बेहतर क्रिकेट अकादमी बनाने का सरकार का सपना चूर हो गया था। महाराष्ट्र मंत्रिमंडल की बैठक ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यह प्लॉट मूल रूप से दिग्गज क्रिकेटर सुनील गावस्कर को 1988 में एक इनडोर प्रशिक्षण अकादमी स्थापित करने के लिए आवंटित किया गया था। जानकारी के मुताबिक कैबिनेट नोट में कहा गया है कि 36 साल पहले यह प्लॉट पहले गावस्कर को इनडोर क्रिकेट प्रशिक्षण अकादमी विकसित करने के लिए आवंटित किया गया था। विकास की कमी के कारण सरकार ने इस भूखंड को पुनः प्राप्त कर लिया। सरकार ने कहा कि यह भूखंड खराब स्थिति में है क्योंकि झुग्गीवासी इसका इस्तेमाल अनुचित काम के लिए कर रहे हैं।

महाराष्ट्र सरकार के एक अधिकारी ने कहा कि महाराष्ट्र कैबिनेट ने अत्याधुनिक खेल सुविधाएं विकसित करने के लिए क्रिकेटर अजिंक्य मधुकर रहाणे को 30 साल के पट्टे पर जमीन सौंपने के राजस्व विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। म्हाडा (महाराष्ट्र हाउसिंग एंड एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी) द्वारा रहाणे को पट्टे पर प्लॉट सौंपने का प्रस्ताव पारित किया गया था, जिसे मंत्रिपरिषद ने मंजूरी दे दी। 'सुनील गावस्कर क्रिकेट फाउंडेशन ट्रस्ट' को आवंटित यह प्लॉट मई 2022 में राज्य सरकार को वापस कर दिया गया था।

### गावस्कर को झेलनी पड़ी थी शर्मिंदगी

दरअसल, साल 2021 में महाराष्ट्र सरकार के हाउसिंग मिनिस्टर ने खुलासा किया था कि सुनील गावस्कर ने एकेडमी के लिए कोई काम नहीं किया है। प्राइम लोकेशन पर होने के बावजूद वहां अच्छी क्रिकेट एकेडमी नहीं बनाई गई। गावस्कर ने भारत के लिए 125 टेस्ट और 108 वनडे में क्रमशः 10122 और 3092 रन बनाए। लंबे समय तक टेस्ट में सबसे ज्यादा 34 शतक का रिकॉर्ड गावस्कर के ही नाम था, जिसे बाद में सचिन तेंदुलकर ने तोड़ा।



## हाथी की पूजा



## पितरों का तर्पण

**भोपाल.** पितृपक्ष पखवाड़े में पितरों के तर्पण के साथ-साथ घर की सुख समृद्धि और संतान की लंबी उम्र के लिए महिलाओं ने व्रत रखा। महालक्ष्मी पूजा में 16 का अंक विशेष शुभ होता है। अश्विन कृष्णपक्ष सप्तमी-अष्टमी पर यह व्रत पर्व मनाया जाता है। इस दिन महालक्ष्मी की पूजा की जाती है। दो दिन के इस व्रत पर्व की शुरुआत 23 सितंबर को हुई। घरों में मिट्टी का हाथी बनाकर आज महालक्ष्मी पूजा की जाएगी और बुधवार को भोजपुरी समाज की महिलाएं जीवितपुत्रिका व्रत रखकर संतान की लंबी उम्र के लिए प्रार्थना करेंगी।

### मेट्रो लाइन की बाधा दूर करने सरकार से मिली रकम

# सरकारी जमीन के कब्जे पहले हटेंगे

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

भोपाल। पुराने शहर के पुल बोगदा के पास मेट्रो लाइन में बाधा बन रहीं आजाद नगर की 38 दुकानें और मकान हटाने की कार्रवाई जल्द शुरू होने वाली है। इसके लिए शासन से 19 लाख रुपए मंजूर कर लिए गए हैं। चूंकि यह सभी सरकारी जमीन पर हैं इसलिये पहले फेस में सरकारी जमीन के अतिक्रमण को हटाया जाएगा। सुभाष नगर से लेकर सिंधी कॉलोनी तक अब भी आरा मशीन से लेकर दुकान और मकान तक 250 से ज्यादा बाधाएं चिन्हित की जा चुकी हैं। यह प्राइवेट से लेकर सरकारी जमीन तक के अलावा न्यायालय में लंबित मामले भी हैं। एसडीएम आशुतोष शर्मा का कहना है कि विस्थापन के लिए शासन से 19 लाख मिल गए हैं। यहां से शिफ्ट होने वालों को मुआवजे के रूप में ये दिए जाएंगे। आजाद नगर से पहले ब?ी संख्या में मुआवजा देकर अतिक्रमण हटाया जा चुका है, लेकिन शेष 38 को मुआवजा नहीं मिला था। इस कारण यह शिफ्टिंग टल गई थी। इस कार्रवाई के बाद ईरानी डेरा से सरकारी जमीन पर काबिज 100 से ज्यादा दुकानों और मकानों को हटाया जाएगा।

पुलबोलगदा और भारत टाकीज चौराहे के बीच में बसीं आरा मशीनों की शिफ्टिंग के लिए भी योजना बनाई जा रही है। मेट्रो कंपनी ने शासन को 6.5 करोड़ रुपए शिफ्टिंग के लिए दिए हैं। हालाांकि यह काम लंबे समय से पेंडिंग हैं और प्रशासन के कई प्रयसों के बाद भी पूरा नहीं हो पा रहा है। इस काम के निपटने के बाद प्राइवेट जमीन के मामले सुलझाए जाएंगे। इसके बाद पुट्ठा मिल जैसे न्यायालय में लंबित मामलों पर काम होगा।



#### कई बाधाएं

बताया जाता है कि मेट्रो की बाधा वाली नर्मदा आईएस फैक्टरी का मामला अभी न्यायालय में लंबित है। पुट्ठा मिल को पहले जिला प्रशासन ने वापस ले लिया था, लेकिन बाद में यह मामला कोर्ट में चला गया। बड़ा कब्रिस्तान की 20 से 25फीट की दीवार आ रही है। अभी मामला सुलझा नहीं है।

# शहर में औसतन दो दिनों में मिल रहे बिजली कनेक्शन

### प्रबंध संचालक द्वारा विद्युत आपूर्ति और कार्यों की समीक्षा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

बिजली महकमे ने शहर में उपभोक्ताओं को सरल संयोजन पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करने पर औसतन दो दिनों के भीतर नवीन बिजली कनेक्शन प्रदान करने का दावा किया है। अब आने वाले अक्टूबर माह में त्यौहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए कंपनी कार्यक्षेत्र में निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत सुनिश्चित करने के साथ ही सभी विद्युत उपकेन्द्रों, उच्चदाब एवं निम्नदाब लाइनों तथा वितरण ट्रांसफार्मरों के पोस्ट मानसून मेन्टीनेन्स को समय सीमा में पूर्ण करने को कहा गया है।

मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल ने गोविन्दपुरा स्थित कंपनी मुख्यालय में भोपाल शहर की समीक्षा बैठक के दौरान राज्य शासन की रिवेम्प्ड डिस्ट्रीब्युशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) योजनान्तर्गत सकल तकनीकी एवं वाणिज्यिक हानियों में कमी लाने तथा निर्धारित लक्ष्य प्राप्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शहर में बढ़ते हुए इनपुट यूनिट्स के अनुपात में राजस्व संग्रहण एवं बिलिंग दक्षता को सुनिश्चित करते हुए विद्युत चोरी पर अंकुश लगाया जाना आवश्यक है। प्रबंध संचालक ने संभागवार एवं जोनवार प्रति यूनिट नगद राजस्व वसूली (सीआरपीयू) की समीक्षा करते हुए मैदानी स्तर पर प्रभावी कार्यवाही करने के साथ ही बकाया राशि में कमी लाने और शहर वृत्त अंतर्गत बड़े बकायादारों से बिजली बिल जमा कराने के अलावा जिन उपभोक्ताओं द्वारा बिजली बिल का भुगतान नहीं किया जा रहा है उनके कनेक्शन काटने तथा भुगतान के उपरांत ही कटे हुए कनेक्शन को पुनः जोड़ने के निर्देश दिए।



#### बड़े बकायादार चिन्हित होंगे

सिंघल ने कहा कि चरणबद्ध तरीके से शहर के 20 बड़े बकायादार उपभोक्ताओं को चिन्हित कर उनसे बकाया राशि की तत्काल वसूली के लिए प्रभावी कार्यवाही की जाए तथा बकाया राशि का भुगतान न देने पर उपभोक्ताओं के विरुद्ध कार्यवाही की जाए। सिंघल ने 33 केवी एवं 11 केवी फीडरों पर हो रही अधिक ट्रिपिंग की विवेचना के लिए मैदानी अधिकारियों को हर संभव प्रयास करने के निर्देश दिए। अधिक भूखंड दर वाले चयनित स्थानों पर अटल गृह ज्योति योजना में सब्सिडी का लाभ ले रहे उपभोक्ताओं के परिसरों की जांच करने के भी निर्देश दिये।

## पितृपक्ष में घर के मुख्य द्वार पर जलाएं दीप

**हिरदाराम नगर.** पितृ पक्ष में घर के मुख्य द्वार पर दीपक जलाने से पितर खुश होते हैं। यह बात बजरंग सेना समिति के अध्यक्ष कमलेश देवानी ने कही है। देवानी कहा कि पितृ पक्ष पितरों के प्रति भावना व्यक्त करने का अवसर होता है। पितृ पक्ष में पितरों का आशीर्वाद प्राप्त करना चाहते है तो घर के मुख्य द्वार पर रोजाना दीपक जलाएं इससे पितृ प्रसन्न होकर सदैव सुखी और संपन्न रहने का आशीर्वाद देते है। मुख्य द्वार पर मां लक्ष्मी का भी प्रवेश होता है। इसलिए पितृ पक्ष के दौरान इसी स्थान को साफ स्वच्छ ओर रोशन रखना चाहिए।

# भाजपाई सफाई, पौधारोपण कर मना रहे सेवा पखवाड़ा

### महात्मा गांधी, हेमू कालाणी प्रतिमा स्थल, शिव मंदिर गोल चक्रा के पास की साफ-सफाई

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिन से भाजपाई सेवा पखवाड़ा मना रहे हैं। वार्ड चार और पांच में स्वच्छता सेवा की गई। रविवार को विसर्जन घाट पर साफ सफाई की गई थी। मंगलवार को दो स्थानों पर पौधारोपण किया जाएगा।

उपनगर में सोमवार को वार्ड चार और पांच के कई स्थानों पर सफाई अभियान चलाया गया। सेवा पखवाड़े के मंडल प्रभारी महेश खटवानी के साथ भाजपाइयों ने शिव मंदिर गोल चक्रा से अभियान के तहत साफ-सफाई की शुरूआत की गई। संतनगर कंवरराम चौराहे पर स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रतिमा स्थल की सफाई की गई। वार्ड पांच में दशहरा मैदान में स्थापित शहीद हेमू कॉलोनी की प्रतिमा के आसपास सफाई की गई। सेवा कार्य का समापन वार्ड चार में गिदवानी पार्क के आसपास एवं मंदिर में सफाई के साथ हुआ।



मंडल अध्यक्ष कमल विधानी के नेतृत्व में वार्ड चार के पार्षद राजेश हिंगोरानी, मंत्री सूरज यादव, वरिष्ठ नेता किशन अच्छानी, उमेश नागर वार्ड चार और पांच के दरोगा और दोनों वार्डों के सफाई कामगारों ने साफ-सफाई की। खटवानी ने बताया कि रविवार को सीहोर नाक झूलेलाल विसर्जन घाट की साफ-सफाई की गई थी। 24 सितंबर यानी मंगलवार को दो स्थानों पर पौधारोपण किया जाएगा।

# बोरवन पार्क में सुबह 7 से 8 बजे तक आने की ही अनुमति मिली

### सियार की दहशत के चलते बंद किया गया था पार्क को

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

सियारों का झुंड दिखने के बाद से बंद बोरवन पार्क केवल एक घंटे खुलेगा। बोरवन क्लब व पार्क में रोज टहलने आने वाले 12 दिनों से पिंचरे लगे होने के बाद भी एक भी सियार पकड़ में न आने के बाद पार्क को घूमने के लिए खोलने की मांग कर रहे थे। बता दे पार्क को वन विभाग ने लोगों के बंद कर दिया था और चेतावनी का बोर्ड लगा दिया था। इसके बाद हर रोज पार्क में टहलने आने वाले सैक?ों लोग लंबे समय तक सियारों को किसी तरह का मूव्हमेंट न होने पर खोले जाने की मांग कर रहे थे। लोगों की मांग पर वन विभाग ने सुबह सात से आठ बजे तक पार्क को लोगों के लिए खोलने का फैसला लिया है। इस समयावधि के बाद प्रवेश बंद रहेगा। बोरवन क्लब के जगदीश आसवानी ने बताया कि जिस तरह की आशंका के कारण पार्क में टहलना बंद किया था, वह खत्म हो गई है। एक बार झुंड दिखने के बाद किसी तरह का मूव्हमेंट नहीं देखा गया है। हमने वन विभाग के अधिकारियों से बात की थी, इसके बाद अभी एक घंटे सुबह सात से आठ बजे तक लोग बोरवन में जा सकेंगे।





## कीचड़ से पटी पड़ी सड़क

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** हमीदिया रोड सब्जी मंडी रोड खराब हो गया है। यहां बारिश के बाद कीचड़ से नागरिकों को निकलने में परेशनी हो रही है।

**मेट्रो एंकर** | श्रीनारायण गुरूदेव भक्त जन समाज ने किया आयोजन

# नारायण गुरूदेव की 97वां समाधि वर्षगांठ पर 'समाधि प्रार्थना सभा'

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

श्री नारायण गुरूदेव भक्त जन समाज सीटीओ, बैरागढ़ ने श्री नारायण गुरूदेव जी के 97 वां समाधि वर्षगांठ के अवसर पर समाधि प्रार्थना का आयोजन किया, जिसमें मुख्य अतिथि भोपाल विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष कृष्ण मोहन सोनी, पार्षद कुसुम चतुर्वेदी थे। विशेष अतिथियों में आर्किटेक्ट इंजीनियर अनिल नायर, पृथ्वीराज त्रिवेदी, महावीर सिंह, पंकज साहु, किशन मल्होत्रा और जोई कुट्टी अम्मा शामिल थे। समाज के अध्यक्ष पी. अरविन्दाक्षन ने बताया कि श्री नारायण गुरूदेवजी ने अपनी 31 वर्ष के उम्र में अमरकोशम का ज्ञान, संस्कृत अध्ययन, संस्कृत पुस्तकों का रचना, संस्कृत नाट्य/व्याकरण/काव्य विषयों की शिक्षा, आयुर्वेदिक औषधियों का अध्ययन ऊँची शिक्षा, स्वास्थ एवं स्वच्छता का प्रसार अद्यनस्थित वर्गों के उन्नति के लिए काम किया। साथ ही ब्रह्मचर्य, तपस्या, कन्याकुमारी के पास मरूत्वामला के निर्जन वनों में योग साधना और सिद्धी प्राप्त की। अरूवीपूरम तिरुवनन्तपुरम, केरल राज्य में शिवरात्रि के दिन शिव प्रतिष्ठा कर जाति, वर्ण और ऊँच-नीच के भेदभाव को समाप्त कर सभी को मंदिर प्रवेश दिया और धर्म, शिक्षा, सहभोजन की अनुमति इत्यादि प्रदान की एवं विद्यापीठ का स्थापना की। 40 से अधिक मंदिर, गोशालाएँ, पाठशालाएँ एवं स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कार्य कराया कोई जाति या धर्म की परवाह किये बिना सदभाव से भाईचारा को हमेशा बढ़ावा दिया। समाज के जनरल सेक्रेट्री सुब्रम्हणियन अपने विचार व्यक्त किए। जाननी अशोकन के नेतृत्व में सभी ने विश्व शान्तिः के लिए प्रार्थना की। अंत में समाज सेक्रेटरी योगेश कुमार ने आभार व्यक्त किया। अजय नायर और एस.एन. मिशन के एरिया सेक्रेटरी सजीमोन और वेणुगोपालन प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



# 13.68 लाख मीट्रिक टन सोयाबीन खरीदेगा केंद्र ज्यादा आवक हुई तो राज्य को करना होगा भुगतान

## प्रदेश में समर्थन मूल्य पर सोयाबीन खरीदी को लेकर केंद्र ने तय किया कोटा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** मप्र में समर्थन मूल्य पर पहली बार सोयाबीन खरीदी होगी। केंद्र ने इसके लिए मप्र का कोटा 13.68 लाख मीट्रिक टन तय किया है। उक्त कोटे के तहत की जाने वाली खरीदी का पूरा भुगतान केंद्र सरकार द्वारा किया जाएगा। यदि इसके अतिरिक्त आवक होती है राज्य सरकार को भुगतान की व्यवस्था करनी होगी। असल में समर्थन मूल्य पर अनाजों की खरीदी केंद्र सरकार द्वारा की जाती है। मप्र में पहली बार होने वाली सोयाबीन की समर्थन मूल्य पर खरीदी भी केंद्र के द्वारा ही की जाएगी। इसमें केंद्र ने राज्य को बता दिया है कि वह केवल 13.68 लाख मीट्रिक टन सोयाबीन ही खरीदेगा, इसके अतिरिक्त जो भी आवक होगी, उसकी खरीदी व किसानों को भुगतान की व्यवस्था राज्य को करना होगा।

बता दें कि मप्र में सोयाबीन का रकबा 58 हजार हेक्टेयर से अधिक है जिसमें करीब 70 लाख मीट्रिक टन सोयाबीन उत्पादन की संभावना है। इस अनुरूप केंद्र ने जो कोटा तय किया है वह काफी कम है। कृषि विभाग के अधिकारियों के मुताबिक केंद्रों पर आवक बढ़ती है ऐसी स्थिति में राज्य सरकार को भुगतान समेत अन्य व्यवस्थाएं करनी पड़ेगी।

### मार्कफेड को लोन की गारंटी देगी सरकार

मप्र में सोयाबीन खरीदी की नोडल एजेंसी मार्कफेड होगी। उक्त एजेंसी को खरीदी समेत सोयाबीन से जुड़ी तमाम व्यवस्थाओं के लिए फंड की जरुरत होगी, जिसके लिए वह कर्ज लेने जा रहा है। अधिकारियों के मुताबिक उक्त कर्ज की गारंटी सरकार देने वाली है।

### 27 सितंबर से पंजीयन, 25 अक्टूबर से होगी खरीदी

25 अक्टूबर से प्रदेश में समर्थन मूल्य पर सोयाबीन खरीदी होनी है इसके लिए 27 सितंबर से पंजीयन होंगे। अधिकारियों के मुताबिक पहली बार खरीदी हो रही है इसलिए भंडारण व परिवहन से लेकर अलग-अलग स्तर पर व्यवस्थाएं करनी होगी। गेहूं की खरीदी नागरिक आपूर्ति निगम करता है, कुछ जिलों में मार्कफेड भी एजेंसी है।



भोज विश्वविद्यालय

## एनसीटीई के विभिन्न कोर्स के लिए रजिस्ट्रेशन जारी, 24 अक्टूबर को प्रवेश परीक्षा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** मप्र भोज मुक्त विश्वविद्यालय अब एनसीटीई के विभिन्न कोर्सेस में एडमिशन के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू कर रहा है। इन कोर्सेस में सबसे अधिक मांग वाले बीएड कोर्स के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इसके लिए आवेदन 11 अक्टूबर तक किए जा सकेंगे। दो वर्षीय बीएड के संपूर्ण पाठ्यक्रम की फीस 30 हजार रुपए है। इसके साथ ही रजिस्ट्रेशन फीस 800 रुपए देना होगी। इस कोर्स के लिए आवेदन को स्नातक अथवा स्नातकोत्तर में 50 प्रतिशत अंकों के साथ पास होना चाहिए। इसके अलावा इंजीनियरिंग या समतुल्य अर्हता वाले कोर्स के लिए 55 प्रतिशत अंकों की अनिवार्यता रखी गई है। बीएड में एडमिशन के लिए होने वाली प्रवेश परीक्षा 24 अक्टूबर को होगी। छात्रों को आवंटित ऑनलाइन केंद्रों की सूचना अलग से एमपी ऑनलाइन के माध्यम से दी जाएगी। इधर, डीएलएड दो वर्षीय पाठ्यक्रम 2024-26 के लिए भी रजिस्ट्रेशन शुरू हो चुके हैं। इसके लिए अर्हता हायर सेकेंडरी 50 प्रतिशत अंकों के साथ पास। किसी सरकारी अथवा सरकारी मान्यता प्राप्त प्राथमिक स्कूल में अध्ययन का अनुभव और वर्तमान में नियमित शिक्षक के रूप में कार्यरत होना अनिवार्य है। इस कोर्स की फीस 19, 200 रुपए है। इसकी परीक्षा भी 24 अक्टूबर को ही होगी।




# राम मंदिर की स्थापना के बाद पहला दशहरा मोहन सरकार धूमधाम से मनाने में जुटी

## मुख्यमंत्री ने कलेक्टरों से कहा- *आनंदमयी होना चाहिए महोत्सव, समय रहते कर लें जरुरी तैयारियां*

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** मोहन सरकार ने इस नवदुर्गा व दशहरा पर्व को धूमधाम से मनाने का ऐलान किया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सभी कलेक्टरों से कहा है कि वे अपने-अपने जिलों में इन धार्मिक आयोजनों को लेकर व्यवस्थाएं चाक-चौबंध कर लें। धार्मिक स्थलों से जुड़े मार्गो को समय से ठीक करें। दुर्गा मंदिरों, पीठों व भगवान श्रीराम से समेत अन्य धार्मिक स्थलों के आसपास साफ सफाई कर लें। इन क्षेत्रों में निर्माण कार्यों को समय तेजी से कराए, इनकी गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। मंदिरों को संवारने में समितियों की मदद करें।

असल में अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर की स्थापना के बाद यह पहला नवदुर्गा व दशहरा पर्व होगा, जो कई मायनों में खास है। यही नहीं, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की नेतृत्व वाली भाजपा सरकार का भी पहला नवदुर्गा व दशहरा पूर्व होगा। सरकार इन महोत्सव को भव्य रूप से मनाने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है। सरकार ने इसके पहले रक्षाबंधन व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी जैसे पर्वों को भी धूमधाम से मनाया था।असल में 3 अक्टूबर से नवदुर्गा महोत्सव की शुरुआत हो रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इसके पहले अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि आने वाले नवदुर्गा व दशहरा पर्व के आयोजन के लिए समुचित प्रबंध कर लें। सभी देवालय एवं मंदिरों में यथायोग्य प्रबंधन करने के लिए जिला प्रशासन सक्रियता के साथ काम करें।



### धार्मिक मार्गों पर विद्युत व्यवस्था सुचारू रूप से करने कहा

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि मैहर में मां शारदा, पीताम्बरा पीठ दतिया, बगलामुखी माता नलखेड़ा, हरसिद्धि माता उज्जैन सहित अन्य धार्मिक स्थान पर परिक्रमा स्थल एवं आने-जाने वाले मार्गों के मरम्मत कार्यों को तत्काल पूर्ण करें, धार्मिक मार्गों पर विद्युत व्यवस्था, पेयजल एवं पुलिस महकमा मुस्तैदी के साथ ही सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम के करें। धार्मिक स्थलों एवं उसके आसपास किसी भी प्रकार के असामाजिक तत्व या उनकी गतिविधियां बर्दाश्त नहीं की जाएगी।मुख्यमंत्री ने कहा है कि इस वर्ष का दशहरा और भी आनंदमयी होगा, क्योंकि अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर की स्थापना के बाद यह पहला दशहरा है। जिसे धूमधाम एवं भाईचारे की भावना के साथ मनाया जाए।

## पॉलीटेक्निक डिप्लोमा के साथ हो सकेगी हायर-सेकंडरी परीक्षा की तैयारी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान के माध्यम से डिप्लोमा के साथ हायर-सेकंडरी परीक्षा की तैयारी हो सकेगी। शासकीय पॉलीटेक्निक संस्थानों में विद्यार्थियों का अधिकतम एडमिशन करने के लिए विभागीय स्तर पर निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। पॉलीटेक्निक डिप्लोमा में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को लेटरल एंट्री में इंजीनियरिंग डिग्री के साथ साथ अन्य डिग्री कोर्स में शामिल होने के अवसर उपलब्ध हों, इसके लिए पॉलीटेक्निक डिप्लोमा के साथ विद्यार्थियों को राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान के माध्यम से हायर सेकंडरी परीक्षा ( ओपन माध्यम से ) में शामिल हो सकेंगे। विद्यार्थियों को 12वी बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए संबंधित संस्थान द्वारा कोचिंग सुविधा उपलब्ध कराई जाने को लेकर कार्ययोजना बनाई जाएगी। अधिकारियों का कहना है कि पॉलीटेक्निक डिप्लोमा विद्यार्थियों का किसी भी डिग्री कोर्स में प्रवेश लेने का सपना साकार करना विभाग की प्राथमिकता है। इससे पॉलीटेक्निक डिप्लोमा करने के बाद विद्यार्थी को रोजगार और नौकरी के लिए अवसर तैयार तो होगा ही, साथ ही उनको किसी भी डिग्री पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने के अवसर की उपलब्धता भी हो सकेगी। प्रदेश के सभी शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेजों की सीट्स पूर्ण रूप से भरने को लेकर व्यापक संचार के लिए कार्ययोजना बनाई गईहै। अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के लिए डॉ. बाबासाहब अंबेडकर योजना एवं जनजातीय विद्यार्थियों के लिए एकलव्य योजना के तहत संचालित संस्थाओं, पाठ्यक्रमों एवं उपलब्ध सीटों की संख्या सहित योजनाओं से मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी विद्यार्थियों को दी जाएगी।





**धूमधाम से मना जन्मदिन**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस विधायक अजयसिंह के जन्मदिन पर बड़ी संख्या में कांग्रेस नेताओं,कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों ने भोपाल स्थित उनके निवास पहुंचकर बधाई दी। सिंह ने सबसे पहले अपने पिता स्व अर्जुन सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद वे जन्मदिन पर बधाई देने वालों से मिलते रहे। इनसेट में दिग्विजय सिंह के साथ।

## 5 अक्टूबर तक होंगे प्रवेश त्रुटि सुधार

**भोपाल।** राजधानी सहित प्रदेशभर के कॉलेजों में स्नातक के लिए ई प्रवेश प्रक्रिया जारी है। प्रक्रिया के तहत लिए गए एडमिशन के संबंध में विभिन्न कार्य किए जा सकेंगे। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार 20 सितंबर से 5 अक्टूबर तक ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से प्रवेश निरस्तीकरण के बाद फीस वापसी, विषय, संकाय परिवर्तन किए जा सकेंगे। प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए महाविद्यालय स्थानांतरण की प्रक्रिया तथा प्रवेशित विद्यार्थियों के त्रुटिपूर्ण डेटा में संशोधन भी इस अवधि में किए जा सकेंगे। हालांकि, इस अवधि में किसी भी प्रकार के नए प्रवेश मान्य नहीं किए जाएंगे।

मेट्रो एंकर

### कुलगुरु को सौंपा ज्ञापन, जांच समिति गठित

# एबीवीपी ने किया आरजीपीवी में प्रदर्शन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा राजधानी स्थित राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आर.जी.पी.वी) में प्रदर्शन कर कुलपति को 7 बिन्दुओं पर कार्यवाही के लिये ज्ञापन सौंपा गया । जिसके संबंध में विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा तथ्यों की जांच के लिए 3 सदस्यीय समिति का गठन किया है ।**

अभाविप के अनुसार, छात्रावास में छात्रों पर बेवजह 2400 का फाइन लगाया जा रहा है , फाइन के लिए कोई समिति या कोई मापदंड निर्धारित नहीं है । वार्डन द्वारा छात्रों से गलत व्यवहार और अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करने पर आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कुलपति को ज्ञापन सौंपा है। 2 साल से यूआईटी आरजीपीवी में कोई कैंटीन नहीं है, जिसके कारण विश्वविद्यालय के छात्रों को कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है।



### परिणाम मूल्यांकन पर सवाल

छात्रों ने यह भी बताया कि पिछले सेमेस्टर 25-30 छात्रों को भौतिक विज्ञान विषय में बैक लगा दी गई थी, लेकिन जब छात्रों ने पुनर्मूल्यांकन का फॉर्म भरा तो आधे छात्र पास हो गए, इस घटना से विश्वविद्यालय के परिणाम मूल्यांकन पर सवआल खड़ा होता है और छात्रों से अनावश्यक शुल्क वसूला गया, उसके बाद भी छात्रों को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी गई, छात्रों के परिणाम के साथ इस प्रकार का खिलवाड़ लगातार किया जा रहा है, यूआईटी आर्किटेक्चर डिपार्टमेंट में शिक्षकों की कमी का होना छात्राओं के भविष्य को अंधकार में ले जाने जैसा है। इस स्थिति में छात्र अपने भविष्य को लेकर चिंतित है।



## संपादकीय

# आस्था पर सियासत क्यों ?

धार्मिक व पौराणिक आस्थाओं को अक्सर राजनीतिक लाभ के लिए भुनाने का चलन भारतीय सियासत में काफी पुराना ही कहा जाएगा। हर बार इसमें नया अध्याय भर जुडता है,खासकर चुनावों के मौके पर। अब जिस तरह तिरुपति के श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर के प्रसाद में पशु चर्बी युक्त मिलावटी घी के उपयोग का मामला सामने आया है और इसे उछाला भी खूब जा रहा है, वह मंदिरों की पवित्रता से तो जु?ा हुआ है ही,इसमें राजनीतिक दलों को अपना शुभलाभ भी खूब सूझ रहा है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने सार्वजनिक मंच से आरोप लगाया कि पिछली सरकार के समय तिरुपति मंदिर में प्रसाद के रूप में बनने वाले लड्डू के लिए सस्ती दर पर मिलावटी घी खरीदा गया। प्रयोगशाला जांच से पता चला है कि उस घी में पशु चर्बी मिली हुई थी। इसे लेकर स्वाभाविक ही विवाद छि? गया है। लेकिन सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री जगनमोहन रेड्डी का कहना है कि चंद्रबाबू नायडू अपने राजनीतिक लाभ के लिए इस मामले को भ?का रहे हैं। हालांकि इस पर केंद्र सरकार ने भी गंभीरता दिखाते हुए प्रसाद के नमूने जांच कराने को कहा है। कांग्रेस ने मंदिरों की पवित्रता सुनिश्चित करने की जरूरत रेखांकित की है। आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय इस मामले में सुनवाई करने को तैयार हो गया है। मंदिरों में च?ावे आदि को लेकर विवाद और उनके प्रबंधन को चुस्त तथा पारदर्शी बनाने की मांग बहुत पहले से उठती रही है। मगर तिरुपति बालाजी मंदिर की प्रबंध समिति यानी तिरुमला तिरुपति देवस्थानम इस मामले में बहुत व्यवस्थित और पारदर्शी मानी जाती रही है। वहां बनने वाले प्रसाद के मानक तय हैं। घी और अन्य सामग्री की गुणवत्ता और पवित्रता जांचने के लिए आंतरिक प्रयोगशाला है। तीन स्तरों पर इसकी जांच की जाती है। घी आदि की आपूर्ति करने वाले ठेकेदार हर छह महीने बाद बदल दिए जाते हैं। इसके बावजूद अगर वहां के प्रसाद की पवित्रता पर सवाल उठे हैं, तो स्वाभाविक ही इससे लोगों की आस्था पर चोट पहुंची है। मंदिर और धार्मिक स्थल राजनीतिक हस्तक्षेप से दूर होने चाहिए, पर इस सच्चाई से मुंह नहीं फेरा जा सकता कि वास्तव में ऐसा है नहीं। इसीलिए तिरुपति बालाजी के लड्डूओं में पशु चर्बी होने के आरोप पर सियासत शुरू हो गई है। मगर अपेक्षा की जाती है कि इस मामले को दूसरे मामलों की तरह सियासी रंग देकर दरकिनार करने के बजाय मंदिर की पवित्रता सुनिश्चित करने के कठोर उपाय होने चाहिए। तिरुपति बालाजी मंदिर में लाखों लोग हर महीने पहुंचते हैं। यह देशभर के लोगों की आस्था का केंद्र है। आंध्र के डिप्टी सीएम ग्यारह दिन के प्रायश्चित के लिये बैठ रहे हैं तो सीएम चंद्रबाबू नायडू के आदेश के मुताबिक अपवित्रता को ठीक करने के लिए तिरुमाला में कल से शांति होमम पंचगव्य प्रोक्षण यानी की होम का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर के शुद्धिकरण के लिए होम का आयोजन श्रीवारी मंदिर में बंगारू बावी यज्ञशाला में होगा। दूसरी तरफ राज्य सरकार ने इसकी जांच के लिए अब एसआईटी का गठन कर दिया है। इसकी निगरानी इंस्पेक्टर जनरल या इसके ऊपर के स्तर के अधिकारी करेंगे। एसआईटी कारणों की जांच करेगी, जिसमें सत्ता का गलत इस्तेमाल भी शामिल है। कुल मिलाकर जांच समेत सारी कार्रवाईयां उसी पारदर्शिता से निर्विकार होकर की जाना चाहिये, जैसा कि धर्म होता है। यदि जांच में सियासी पेंच उभरेंगे या एक दूसरे पर कीचड उछालने की कोशिशें होंगी तो इससे लोगों का ही भ्रम बढ़ेगा।

---

**सफलता का मुख्य आधार सकारात्मक सोच और निरंतर प्रयास है**

## आज का इतिहास

- 1180 बिज़ेंटाइन साम्राज्य सम्राट इमैनुएल कोम्नोसो (चित्र) की मौत से कमजोर हो गया था।
- 1493 क्रिस्टोफर कोलंबस ने नई दुनिया की खोज के लिए दूसरा अभियान शुरू किया।
- 1645 राजा चार्ल्स की व्यक्तिगत कमान के तहत अंग्रेजी नागरिक युद्ध- रॉयलिस्टों को रोवोन हीथ की लड़ाई में एक महत्वपूर्ण हार का सामना करना पड़ा।
- 1688 फ्रांस ने जर्मनी के खिलाफ युद्ध की घोषणा
- 1742 बोस्टन का फैन्यूविल हॉल जनता के लिए खोला गया।
- 1748 शाहरुख ग्रेटर खोरासन के शासक बने
- 1788 थियेटर वार तब शुरू हुई, जब डेनमार्क-नॉर्वे की सेना स्वीडन पर हमला किया था।
- 1789 फर्स्ट यूनाइटेड स्टेट्स कांग्रेस ने 1789 की न्यायपालिका अधिनियम पारित किया, अमेरिकी संघीय न्यायपालिका की स्थापना की और सर्वोच्च न्यायिक न्यायाधीशों की संख्या निर्धारित की।
- 1829 रूस और ओटोमन साम्राज्य के बीच एड्रियनोपोल की शांति संधि हुई।
- 1852 फ्रांसीसी इंजीनियर हेनरी गिफ्दर ने पेरिस से ट्रैपेशस तक की पहली एयरशिप यात्रा की।
- 1853 उत्तरी डेली टाइम्स प्रथम प्रांतीय दैनिक समाचार पत्र लंदन में शुरू किया गया।
- 1853 लंदन में पहले प्रांतीय दैनिक समाचार पत्र नार्दर्न डेली टाइम्स का प्रकाशन हुआ।
- 1853 एडमिरल फेवरियर डेसपॉइंट्स ने फ्रांस के लिए न्यू कैलेडोनिया पर औपचारिक कब्जा कर लिया।
- 1869 ब्लैक फ्राइडे- फिस्क-गोल्ड स्कैंडल संयुक्त राज्य अमेरिका में एक वित्तीय संकट का कारण बना।

## निशाना

### बदला बदला रुप है !




- कृष्णेन्द्र राय

बदल गए अचानक ।  
ज्ञान रहे हैं बांट ।।  
बदला बदला रुप है ।  
बंद हो गई ठाट ?  
लगते कभी कूदने ।  
और कभी ख़ामोश ।।  
है किसकी रणनीति ?  
कहें किसका दोष ।।  
ये कैसा व्यवहार ।  
करने को उद्धार ।।  
लगता चल कर इसी राह ।  
है आनी बहार ?  
किया कभी अपमान ।  
कभी करते प्यार ।।  
कर सकते प्रवेश ।  
शायद नए द्वार ।।

---

# जम्मू-कश्मीर में मोदी दांव के निहितार्थ

■ ज्योति मल्होत्रा



श्रीनगर में आज वह शांति व्याप्त है, जो पिछले कई सालों में देखने को नहीं मिली थी। पार्क फुटबॉल खेलते बच्चों से भरे हुए हैं और अभिभावक आसपास बैठकर गपशप कर रहे हैं। लाल चौक काफी सुथरा है, एक विशाल होर्डिंग पर गर्भावस्था परीक्षण किट का विज्ञापन प्रदर्शित है। बंध रोड पर बने एक मॉल में 'स्टारबक्स' रेस्तरां भी खुल गया है, जिसकी निगहबानी सामने लगी चिनार के पेड़ों की ऊंची कतार करती प्रतीत होती है। ऑटो और उबर वाले (जो अभी शाम को पंथा चौक की सवारी नहीं चाहते) और दुकानदार कश्मीर घाटी में भारतीय पर्यटकों की वापसी से खुश हैं। स्कूल भरे हुए हैं और साल भर खुले रहते हैं ङ्क प्रेजेंटेशन कॉन्वेंट के बाहर एक इलेक्ट्रॉनिक बोर्ड पर सूक्ति लिखी है, जिसका भावार्थ हैः 'एक अच्छा छात्र वही, जो ज्ञान के कुएं में डुबकी लगाकर घूंट भरे'। तथापि, एक गहरी सांस लें और झेलम नदी के तट पर खड़े होकर तनिक सोचें ङ्क क्या यह शांति तूफान से पहले की है? तब क्या होगा यदि लोगों को पता चले कि 1 अक्तूबर को विधानसभा चुनाव संपन्न होने के बाद, जम्मू-कश्मीर का निज़ाम भी 'दिल्ली के आधी-अधूरी शक्तियों वाले मॉडल' की तर्ज पर बना दिया गया? पिछले सप्ताह के शुरू में, एक चुनावी रैली में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा किए वादे के बावजूद, पूर्ण राज्य का दर्जा लौटना इतना आसान नहीं है, कम-से-कम फिलहाल तो नहीं। वह स्थिति, जब पीएम मोदी के चुने व्यक्ति यानि उपराज्यपाल के पास भूमि और कानून-व्यवस्था जैसे शक्तिशाली विभागों का प्रभार रहेगा,जबकि बाकी का काम एक निर्वाचित मुख्यमंत्री चलाए। कहीं ऐसा तो नहीं कि यह शांति तूफान गुज़रने के बाद की हो ङ्क क्या लोगों को अहसास हो चुका है कि अब पत्थरबाजी या विरोध प्रदर्शनों या उग्रवाद में शामिल होने का कोई औचित्य नहीं है? निश्चित रूप से, देश में किसी भी अन्य कौम से ज़्यादा- मणिपुरियों के अतिरिक्त - कश्मीरी इस बात से अच्छी तरह वाकिफ़ हैं कि एक गलत कदम केंद्र को सख्त कार्रवाई करने के लिए उकसाएगा। साल 2019 की अगस्त की एक सुबह श्रीनगर के एक उपनगर सौरा में लोगों के विरोध प्रदर्शन को डराने के लिए की गई भारी गोलीबारी की धुंधलाती यादें इसकी याद दिलाती हैं।

शायद, यह शांति तूफान के कारण है। यह स्पष्ट है कि प्रधानमंत्री मोदी ने फिर से पासा फेंका है और अपने ताश के सबसे महत्वपूर्ण इक्कों को चल रहे हैं। मोदी जानते हैं कि दांव - विशेष रूप से अंतर्राष्ट्रीय पटल पर- बहुत बड़ा है। वर्तमान अमेरिका यात्रा के दौरान उनकी मुलाकात वैश्विक नेताओं से हो रही है, वे उनसे कश्मीर के बारे में भी बात करें, यह स्वाभाविक है। इसलिए मोदी को अन्य की अपेक्षा सबसे अधिक भान है कि मौजूदा चुनाव होने से तमाम फर्क पड़ेगा ङ्क या तो इससे उनकी विश्वसनीयता बढ़ेगी या उन पर शक और गहराएगा। वस्तु स्थिति यह है, जिस प्रकार हालिया लोकसभा चुनावों में उनका प्रभाव मद्धम पड़ा, उसके मद्देनज़र, यदि हरियाणा और महाराष्ट्र में भी धक्का लगा तो उनकी स्थिति और कमजोर पड़ेगी। लेकिन कश्मीर का मामला अलग है।यह चुनाव केवल इसको लेकर नहीं है कि जीत किसकी होगी ङ्क हालांकि,यदि भाजपा किन्हीं पैंतरों से किसी तरह सरकार बनाने में कामयाब हो जाती है, तो यह उपलब्धि न केवल टोपी में नया फुंदना होगी बल्कि न थमने वाले उन्मादी प्रचार की वजह भीङ्क जिसको पिछले पांच सालों की 'कारगुजारी' पर आया जनता का फैसला ठहराया जाएगा। इस तथ्य के अलावा कि कुछ सार्वजनिक परियोजनाओं के ठेके पूर्वी उत्तर प्रदेश के ठेकेदारों को मिले हैं -जो कि लेफ्टिनेंट गवर्नर मनोज सिन्हा का गृह क्षेत्र है ङ्क हकीकत यह है कि गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के कुछ सबसे काबिल अधिकारियों और सैनिकों ने मिलकर बढ़िया परिणाम कर दिखाया है, जो आतंकवाद में आई कमी में स्पष्ट दिखाई देता है। इसीलिए यह चुनाव अलग है। यह निश्चित रूप से आतंकवादियों की नई भर्ती में कमी आने के बारे में है ङ्क जिनकी संख्या अब कश्मीर घाटी में 75 तो इतनी ही जम्मू क्षेत्र में बताई जाती है ङ्क किंतु यकीकन यह गिनती केवल इतनी नहीं हो सकती। इन गर्मियों में, भारतीय सेना ने न केवल जवानों को खोया, बल्कि असामान्य संख्या में अधिकारियों को भी, जिन पर घात लगाकर हमला करने वालों में अधिकांशतः उच्च प्रशिक्षित एवं उकसाए गये आतंकवादी थे, जो अमेरिका निर्मित घातक एम-4 असॉल्ट राइफल जैसे घातक हथियारों से लैस थे ङ्क संभवतः अफगान युद्ध से चुराए गए ङ्क वे अंतर्राष्ट्रीय सीमा के नीचे से सुरंग खोदकर जम्मू में दाखिल हुए और भारतीय सैनिकों को अचानक आ घेरा। तथापि, भारतीय सेना को यह श्रेय है कि उसने नियंत्रण रेखा ङ्क जहां पर पाकिस्तान के साथ युद्ध विराम समझौता कायम है ङ्क और साथ ही जम्मू क्षेत्र में फिर से खुद को संगठित किया है। लगता है कमोबेश अपनी बढ़त वापस पा ली है। यह चुनाव इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि यह प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में लिए गए अब तक के सबसे महत्वपूर्ण राजनीतिक फैसलों में एक रेखा खींचेगा। जब अगस्त की एक सुबह अनुच्छेद 370 को एक आदेश के ज़रिये हटा दिया गया और राज्य के चारों ओर सुरक्षा आवरण बुन दिया गया। प्रतिरोध की आवाजें, मसलन मीडिया, को अलग-थलग कर दिया और घाटी पहुंचने वाली उड़ानों में पत्रकारों-फ़ोटोग्राफ़रों और कार्यकर्ताओं के नाम 'नो-फ़्लाई' सूची में डाल दिए गए और स्थानीय अख़बारों की हैसियत महज़ मुखपत्रों से ज़्यादा कुछ नहीं छोड़ी। राजनेताओं को या तो घरों में नज़रबंद कर दिया या जेल में डाल दिया गया। उनमें से कुछ, जैसे कि बारामुला से वर्तमान सांसद इंजीनियर राशिद, जिन्हें यूएपीए आतंकी अधिनियम के तहत गिरफ़्तार किया गया था, इस चुनाव में फिर से प्रचार कर रहे हैं, जिससे कई लोग सवाल करने लगे हैं कि वे और प्रतिबंधित जमात-ए-इस्लामी के अन्य उम्मीदवार, जो बतौर निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं, क्या वास्तव में भाजपा के छद्म उम्मीदवार हैं।

पांच साल हो गए, जो सबसे बड़ा सवाल कायम है, वह यह कि जो भी हुआ क्या इसकी जरूरत थी। क्या आप लोकतंत्र का पैमाना साफ-सुथरी सड़कें, बच्चों से भरे पार्क, स्कूल जाते छात्र और गड्ढों से मुक्त राजमार्गों को बनाएंगे, इस तथ्य के बावजूद और जितना हमने जाना है, कि इन पांच सालों में लोकतंत्र पटरी से उतरा रहा। आमतौर पर नौकरशाही, चाहे कितनी भी सक्षम क्यों न हो, उन राजनेताओं की जगह नहीं ले सकती, जिनका काम लोगों को और उनकी शिकायतों को सुनना है। सवाल यह है कि क्या यह चुनाव एक नए युग का सूत्रपात करेगा, यदि ऐसा है, तो यह पुराने युग से कितना अलग होगा? इसलिए यह मोदी के अपने हित में- साथ ही भारत के राष्ट्रीय हित में भी ङ्कहोगा कि जम्मू-कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल होने दिया जाए। सबसे अच्छी बात यह है कि इस पूर्व राज्य में आज हर कोई मानता है कि हालात ठीक हो सकते हैं, सुशासन संभव है, और सबसे बढ़िया यह है कि उग्रवाद पर काबू पाया जा सकता है। कल्पना कीजिए कि आगामी निर्वाचित सरकार के लिए मॉडल कैसा रहेगा। तीन चरणों में होने वाले मतदान का पहला पड़ाव हाल ही में पूरा हुआ है, दक्षिण कश्मीर, जोकि उग्रवाद के केंद्र बिंदुओं में एक रहा हैङ्क वहां 60 प्रतिशत मतदान होना एक आश्चर्यजनक संकेतक है। इसका मतलब है कि पत्थरबाजों को पत्थरों की बजाय वोटों की तरफ और वर्षों से दबे हुए आक्रोश को प्रेरित कर बृहद कल्याण की राह पर मोड़ा जा सकता है। कश्मीर में वर्षों तक व्याप्त रही अराजकता और दुख को कभी भुलाया नहीं जा सकता, लेकिन दुआ करें कि काश यह चुनाव एक नए अध्याय की शुरुआत करे। यदि ऐसा हो सका, और लोकतंत्र की पुनर्स्थापना विधिवत हो जाए, तब कश्मीर सामान्य स्थिति में वापस लौटने का सपना देख सकता है। किंतु फिलहाल तो यह पिलपिली जमीन पर खड़ा है, एक कदम-आगे या पीछे की तरफ- निश्चित रूप से इसकी नियति तय करेगा।

**– साभार, यह लेखिका के अपने विचार हैं।**

---

# एक देश एक चुनावः सपना जितना लुभावना उतना ही मुश्किल भी



■ जयसिंह रावत

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द की अध्यक्षता में गठित एक राष्ट्र एक चुनाव विषय को लेकर गठित उच्चाधिकार प्राप्त समिति की रिपोर्ट को स्वीकार करने के बाद अब इस मुद्दे पर संवैधानिक प्रक्रियाएं शुरू होने के साथ ही व्यापक राष्ट्रीय चर्चा शुरू हो जाएगी। कोविन्द समिति की सिफारिशों के अनुसार ''एक राष्ट्र एक चुनाव'' का युगान्तरकारी उद्देश्य दो चरणों में लागू होना है, जिसमें पहले चरण में लोकसभा और विधानसभा का निर्वाचन एक साथ कराना और दूसरे दूसरे चरण में आम चुनावों के 100 दिनों के भीतर स्थानीय निकाय के लिए निर्वाचन (पंचायत और नगर पालिका) कराना शामिल है। सिफारिशों के अनुसार सभी निर्वाचनों के लिए एकसमान मतदाता सूची बनगी और राष्ट्रव्यापी चर्चा के बाद एक कार्यान्वयन समूह को गठन होगा। एक साथ नगर निकायों से लेकर संसद के चुनाव कराने की प्रक्रिया को कुछ आसान बनाने के लिए ही इस सम्पूर्ण संवैधानिक और राजनीतिक कसरत को दो भागों में बांटा गया है। अब देखना यह है कि मोदी सरकार का यह अति महत्वाकांक्षी सपना किस तरह साकार होता है, क्योंकि ''एक राष्ट्र एक चुनाव'' का नारा जितना लुभावना लगता है उतना आसान कतई नहीं है। सके लिए महत्वपर्ण संविधान संशोधनों के साथ ही राष्ट्रीय सहमति की भी महती आवश्यकता है और विपक्ष से और कम से कम विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस से इस विचार को समर्थन मिलने की संभावना को पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरके ने सिरे से खारिज कर दिया है। इस समय पक्ष और विपक्ष जानी दुश्मन का जैसा व्यवहार कर रहे हैं। भाजपा अपने बलबूते पर नहीं बल्कि सहयोगी दलों के समर्थन से सत्ता में है। हाल ही में मोदी सरकार को जिस तरह कुछ निर्णयों को लेकर बैकफुट पर आना पड़ा उससे सरकार के एक साथ चुनाव कराने की महत्वांकाक्षी योजना के भविष्य पर सवाल उठना स्वाभाविक ही है। इधर, फिर भी आशावादी विचारकों और खास कर भाजपा समर्थकों का मानना है कि जब मोदी सरकार पिछले कार्यकाल में धारा 370 को हटाने का जैसा बहुत ही टेड़ा काम कर सकती है तो यह भी कर लेगी। मोदी सरकार को अपनी मजबूती साबित करने के लिए भी यह जटिल कार्य करना पड़ रहा है। भारत के संविधान में राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर एक साथ चुनाव का प्रावधान नहीं है। इस विचार को धरातल पर उतारने के लिए संविधान में संशोधन के लिए राजनीतिक सहमति और एक लंबी प्रक्रिया की आवश्यकता होगी। राज्य विधान सभाओं और लोकसभा के लिए निश्चित शर्तें समकालिक नहीं हैं। इन शर्तों के समन्वय के लिए दोनों स्तरों पर संवैधानिक संशोधन और कानूनी बदलाव की आवश्यकता होगी। संविधान के जानकारों के अनुसार इसके लिए कम से कम संविधान के 5 अनुच्छेदों में संशोधन करना पड़ेगा। अनुच्छेद 83 खंड (2) के तहत लोकसभा का कार्यकाल ठीक 5 साल तय किया गया है। संसद के सत्र के संबंध में संविधान के अनुच्छेद 85 में प्रावधान किया गया है। भारत में किसी राज्य की विधानसभा का कार्यकाल संविधान के अनुच्छेद 172 द्वारा निर्धारित किया गया है।

यह अनुच्छेद निर्दिष्ट करता है कि राज्य विधान सभा का सामान्य कार्यकाल पांच वर्ष होगा। लेकिन इसे कुछ परिस्थितियों में राज्य के राज्यपाल द्वारा पहले भी भंग किया जा सकता है, जैसे कि जब विधानसभा बहुमत का विश्वास खो देती है या जब राज्यपाल इसके विघटन की सिफारिश करता है। संविधान आपातकाल की घोषणा की स्थिति में विधानसभा के कार्यकाल के विस्तार की भी अनुमति देता है। इसी अनुच्छेद में प्रावधान है कि जब आपातकाल् की उद्घोषणा प्रवर्तन में है, तब संसद विधि द्वारा ऐसी अवधि एक बार में एक वर्ष तक बड़ा सकेगी और उद्घोषणा के प्रवर्तन में न रह जाने के पश्चात् किसी भी दशा में उसका विस्तार छह मास की अवधि से अधिक नहीं होगा। राज्य की संवैधानिक मशीनरी के खराब होने की स्थिति में केंद्र सरकार अनुच्छेद 356 में प्रदत्त शक्ति का उपयोग कर राज्य के प्रशासन का नियंत्रण ग्रहण करता है। इस अनुच्छेद को राष्ट्रपति शासन भी कहा जाता है। लेकिन अब इस अनुच्छेद का इस्तेमाल आसान नहीं रह गया है। केंद्र शासित प्रदेशों, जिनकी अपनी विधान सभाएं नहीं हैं, की विशिष्ट स्थिति को समायोजित करने के लिए भी आवश्यक प्रावधान करने होंगे।

अनुच्छेद 324 में संशोधन कर एक साथ चुनावों के समन्वय के लिए चुनाव आयोग को अतिरिक्त अधिकार और जिम्मेदारियों के साथ सशक्त बनाना होगा ताकि आयोग समय से पहले बिना राज्य सरकार की सहमति से भी चुनाव तिथियां घोषित कर सके। आजादी के बाद पहले चुनाव से लेकर 1957, 1962 और 1967 में भी लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराए गए। लेकिन दलबदल, राजनीतिक अस्थिरता तथा अनुच्छेद 356 के बार-बार इस्तेमाल के कारण एक साथ चुनाव का क्रम टूटता गया।अविश्वास प्रस्ताव के जरिए राज्य सरकारें समय से पहले गिरती रही है और खण्डित जनादेश के कारण विधानसभा नई बहुमत की सरकार चुनने की स्थिति में नहीं रहीं। अब अविश्वास प्रस्तावों और विधान सभाओं के विघटन से संबंधित प्रासंगिक प्रावधानों में संशोधन की आवश्यकता भी होगी।

चुनाव के समय में बदलाव के लिए दसवीं अनुसूची (दलबदल विरोधी कानून) में संशोधन भी करना होगा। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि भारत में संवैधानिक संशोधनों के लिए लोकसभा और राज्यसभा में दो-तिहाई बहुमत और कम से कम आधे राज्य विधानमंडलों द्वारा समर्थन की आवश्यकता होती है। ऐसी आम सहमति हासिल करना और संविधान में सफलतापूर्वक संशोधन करना एक लंबी और चुनौतीपूर्ण प्रक्रिया है। आसान नहीं विपक्ष को मनाना ञ तर्क दिया जा रहा है कि जब निर्वाचन आयोग महारा और हरियाणा विधानसभा के चुनाव एक साथ नहीं करा सकता और बंगाल जैसे राज्य में 7 चरणों में चुनाव होते हैं तो सारे देश में एक साथ चुनाव कैसे कराओंगे? एक साथ चुनाव के पक्ष में धन की बचत का तर्क भी दिया जा रहा है लेकिन भारत जैसे विशाल और बड़ी आबादी वाले देश में चुनाव कराने के लिए व्यापक साजो-सामान योजना और संसाधनों की आवश्यकता होती है। एक साथ चुनाव होने से चुनाव आयोग, सुरक्षा बलों और प्रशासनिक मशीनरी पर भारी दबाव पड़ेगा। देश के हर कोने में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन, प्रशिक्षित कर्मियों और पर्याप्त बुनियादी ढांचे की उपलब्धता सुनिश्चित करना एक कठिन काम होगा। नयी व्यवस्था से राष्ट्रीय मुद्दों पर ध्यान केंद्रित हो सकता है और क्षेत्रीय चिंताओं की उपेक्षा हो सकती है, जो संभावित रूप से संघवाद को कमजोर कर सकती है। एक साथ चुनाव को लेकर राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर विभिन्न दलों के बीच राजनीतिक सहमति हासिल करना चुनौतीपूर्ण है। विपक्षी दल वैसे ही इस विचार से विचलित नजर आ रहे हैं। जिन परिस्थितियों में यह कदम उठाया जा रहा है उनसे संदेह स्वाभाविक भी है।

आजादी के बाद सन् 1951-52 में जब भारत के निर्वाचन आयोग को न तो कोई तजुर्बा था और ना ही इतने संसाधन थे फिर भी ग्राम स्तर से लेकर संसद तक के चुनाव एक साथ कराए गए थे। उस समय राज्य सभा और राज्यों की विधान परिषदों के चुनाव भी एक साथ कराए गए थे। उस दौरान तीन तरह के राज्य थे। संचार के संसाधन नगण्य थे। सड़कें नहीं थीं। टेलीफोन सुविधा न होने से सूदूर क्षेत्रों में वायरलेस की व्यवस्था की गयी थी। एक सदस्यीय निर्वाचन आयोग था, जिसके मुखिया सुकुमार सेन थे। परिस्थितियां बिल्कुल भिन्न है। संसाधनों की कोई कमी नहीं है। कमी है तो राजनीतिक सहमति की।

- साभारः यह लेखक के विचार हैं।

किसानों को स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश के अनुसार Cw+50 फार्मूले के आधार पर

# किसानों की उपज का मूल्य तय किया जाए: टिकैत






संतोष सिंह चंदेल/सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।

सोमवार की दोपहर में सैकड़ो की तदाद में किसानों के द्वारा ट्रैक्टर में तिरंगा झंडा लगाकर तिरंगा यात्रा निकाली गई। भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले इस रैली को भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत खुद ट्रैक्टर चलाकर रैली का प्रतिनिधित्व किया उनके पीछे लगभग 500 की तादाद में ट्रैक्टर तिरंगा लगाकर मंडी प्रांगण पहुंचे। तवा कॉलोनी से मंडी प्रांगण तक तिरंगा यात्रा नगर के विभिन्न मार्गो से होती हुई निकाली गई। प्रशासन ने किसानों की इस यात्रा को पहले तो मंडी परिसर में यह कार्यक्रम करने की अनुमति नहीं दी और रविवार की रात को ही मंडी प्रांगण में प्रशासन द्वारा मंडी गेट पर बैरिकेड लगाकर रास्ता बंद कर पूरे जिले से आया भारी पुलिस बल वेरीकेट पर लगा दिया। जैसे ही तिरंगा यात्रा मंडी के पास पहुंची तो पुलिस प्रशासन ने एक बार फिर तिरंगा यात्रा को डाइवर्ट कर मंडी में जाने के लिए दूसरा रास्ता बताया लेकिन अपनी जीत पर अड़े हुए किसानों ने आखिरकार यही कहा कि मंडी किसानो की है उसमें जाने के लिए हमें कोई नहीं रोक सकता किसानो और प्रशासन के बीच टकराव की स्थिति ना निर्मित हो इसके लिए पुलिस प्रशासन ने बैरिकेड को हटाकर तिरंगा यात्रा को मंडी परिसर में जाने दिया।

वहां पर किसान नेता राकेश टिकैत ने सैकड़ो किसानों के बीच एक सभा का आयोजन कर प्रधानमंत्री के नाम तहसीलदार राकेश खजूरिया को एक ज्ञापन सोफा जिसमें मांग की गई की सोयाबीन का मूल्य पिछले 12 वर्षो से 4000 रूपए कुन्टल के लगभग चल रहा है इस लंबे अंतराल में लागत दो से तीन गुना बढ़ चुकी है, उपज से किसानों की उत्पादन लागत नहीं निकलरही है जिसका मूल्य 6000 रूपए प्रति कुन्टल किया जावे। वही- मक्का का न्यूनतम



समर्थन मूल्य मूल्य 3000 प्रति कुन्टल धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 3100 रुपए प्रति कुन्टल किया जावे।

वर्तमान स्थिति में खेती पर लागत बढ़ने और उपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य अत्यंत कम होने के कारण किसान अत्यधिक कर्ज के बोझ तले दब चुके हैं किसानों को स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों के अनुसार ष्ट2+50 फार्मूले के आधार पर उपज का मूल्य तय किया जावे, लागत मूल्य के आंकलन में 2 किसान परिवार के सदस्यों का मेहनताना 6 माह की मनरेगा की मजदूरी को आधार बनाकर लागत में जोड़ा जावे जिससे किसान कर्ज मुक्त हो सके।

कृषि कार्य करने के दौरान जहरीले जीव जन्तु के काटने, आकाशीय बिजली गिरने से किसान परिवार के सदस्य की अकाल मृत्यु होने पर 50 लाख रुपए मुआवजा देने का प्रावधान किया जावे। किसान परिवार न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अपनी उपज देशवासियों के भरण-पोषण के लिए उत्पादन करते हैं किसान परिवार के एक सदस्य को 50 वर्ष की उम्र से 10 हजार रुपए मासिक पेंशन दी जावे।

### ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने किया तिरंगा यात्रा का स्वागत

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिवनी मालवा द्वारा स्थानीय गांधी चौक पर पुष्प वर्षा कर किसान यात्रा का भव्य स्वागत किया गया कांग्रेस नेता राधेश्याम पटेल ने राकेश टिकैत को साल श्रीफल भेंटकर कर सिवनी मालवा में उनके प्रथम आगमन पर उनका स्वागत सम्मान किया गया7 इस अवसर पर कांग्रेस नेता राधेश्याम पटेल गोपाल कृष्ण शर्मा विजय पटेल स्वदेश शर्मा बंटी वर्मा समित पटेल प्रमोद नागेश्वर सुशील रघुवंशी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

## राज्यसभा सांसद नारोलिया ने कहा- पूरे देश में 50 करोड़ लोगों को जोड़ने का है लक्ष्य



**पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर चलाना है मेगा सदस्यता अभियान- पंकज चौरे, अध्यक्ष नगरपालिका परिषद इटारसी**

**नर्मदापुरम में आयोजित हुए भाजपा की कामकाजी बैठक में मुख्य वक्ता के तौर पर नपाध्यक्ष इटारसी ने कहा प्रत्येक बूथ पर 100 सदस्य बनाने हैं**

इटारसी, दोपहर मेट्रो।

भाजपा 25 सितंबर को मेगा सदस्यता अभियान चलाएगी। नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने नर्मदापुरम में आयोजित भाजपा की कामकाजी बैठक में मुख्य वक्ता के तौर पर बोलते हुए कहा कि पार्टी ने निर्णय लिया है कि भाजपा की नर्मदापुरम इकाई पार्टी के पितृपुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर 25 सितंबर को एक विशाल सदस्यता अभियान चलाएगी। बैठक में नर्मदापुरम मंडल के 47 बूथ कार्यकर्ताओं के अलावा राज्य सभा सांसद माया नारोलिया, नपाध्यक्ष नर्मदापुरम नीतू यादव, मंडल अध्यक्ष रोहित गौर, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अर्चना पुरोहित, जिला उपाध्यक्ष राजेश तिवारी, हंस राय, विकास नारोलिया, विवेक गौर सहित अन्य मौजूद थे। नर्मदापुरम में सदस्यता अभियान की समीक्षा भी हुई। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने कहा कि कहा समाज के विभिन्न वर्गों, विशेषकर युवाओं और महिलाओं को जोड़ना हैं। बूथ स्तर पर 25 सितम्बर को प्रत्येक घर में जाकर हमें सदस्य बनाने हैं। प्रत्येक बूथ पर कम से कम 100 सदस्य हमें बनाने होंगे। राज्य सभा सांसद माया नारोलिया ने कहा कि ÷पिछले 10 सालों में भारत एक मजबूत राष्ट्र के रूप में उभरा है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के विकास का रास्ता चुना है। इसमें हमें 50 करोड़ लोगों से जुड़ने के लिए काम करना है।

मंडल अध्यक्ष रोहित गौर ने कहा कि हमारे नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सदस्यता अभियान को सफल बनाने के लिए कड़ी मेहनत अबतक की है इसे आगे भी जारी रखना है।

## स्वच्छता सेवा पखवाड़ा पर हुआ निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला नर्मदापुरम द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वरिष्ठ रेडियोलॉजिस्ट डॉ सतीश नेमा, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ संध्या नेमा, मधुमेह एवं हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ विशाल सिंह बघेल, जनरल फिजिशियन डॉ नवोदित राठौर, डॉ पूनम सिंह राजपूत ने मरीजों को निःशुल्क परामर्श देकर स्वास्थ्य परीक्षण किया। शिविर में 100 से ज्यादा मरीजों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाकर लाभ लिया। शिविर के दौरान मरीजों को आयुष्मान कार्ड के प्रयोग में आ रही दिक्कतों को दूर करने के बारे में जानकारी दी। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री प्रीति शुक्ला, विधानसभा संयोजक वीरेंद्र मिश्रा, पूर्व जिला महामंत्री रघुवीर सिंह राजपूत, जनपद सदस्य प्रतिनिधि सत्यनारायण लौवंशी, सरपंच पूजा पंचारिया, घनश्याम सिंह राजपूत, पूर्व मंडी उपाध्यक्ष महेश गोयल, महिला मोर्चा सदस्य पूर्णिमा जोशी, समाजसेवी अनीता संतोष लौवंशी, दुर्गेश लौवंशी, ईश्वर विश्नोई, देशबंधु मराठा व अन्य उपस्थित रहे।




## जिला अस्पताल नर्मदापुरम ने सघन जागरूकता अभियान कैंप लगाया



नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।

सोमवार को संपूर्ण सुरक्षा केंद्र जिला अस्पताल नर्मदापुरम में सघन जागरूकता अभियान के तहत ग्राम रायपुर ग्राम पंचायत में जिला अस्पताल से एसटीआई काउंसलर विवेक पटवा, सी एच ओ, मेघा वर्मा, एएनएम अनामिका वर्मा, सरपंच शशांक मिश्रा सचिव लालता प्रसाद मलैया एमपीएस अरुण चौरे आशा सुपरवाइजर जानकी चौरे समस्त आशा संपूर्ण सुरक्षा केंद्र मेनेजर रक्षा शुक्ला ओ आर डबलू हरीश यादव, ज्योति खरवार की उपस्थिति में सघन जागरूकता अभियान कैंप लगाया गया। जिसमें एचआईवी सिफीलिस टेस्ट IEC अवर्नेस, सिकल सेल एनीमिया टेस्ट 138 लोगो के द्वारा कैंप मैं सुविधा ली गई ।एसएसके स्टाफ द्वारा जानकारी दी गई। STI काउंसलर सर द्वारा STI की जानकारी दी, संपूर्ण सुरक्षा प्रबंधक द्वारा संपूर्ण सुरक्षा केंद्र की जानकारी दी। 1097 के बारे में जानकारी दी गई और आईईसी वितरित किया गया।

## पहले हम अंगूठा लगाते थे अब हम हस्ताक्षर करते हैं, ग्रामीण बने साक्षर

सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।



राष्ट्रीय साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड सिवनी मालवा अंतर्गत सभी ग्रामों में नव साक्षरता चेतन केंद्रों पर साक्षरता परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए जिसमें पोर्टल पर पूर्व से पंजीकृत महिला एवं पुरुष असाक्षर साथी परीक्षा मैं सम्मिलित हुए जनशिक्षा चेतना केंद्र पर अध्ययन करने वाले असाक्षर साथीयो ने अपने दैनिक निजी कार्यों को छोड़कर परीक्षा में सम्मिलित होकर बढ़-चढ़कर परीक्षा देने मेंअपनी रुचि दिखाई। परीक्षा में 3021 असाक्षर साथी सम्मिलित हुए जिसमें 840 महिलाएं एवं 644 पुरुष उत्तीर्ण हुए शेष सभी असाक्षर साथिओं को पुनः अपने-अपने चेतना केंद्रो पर अक्षर मित्रों के द्वारा अध्यापन कार्य कराया जावेगा इसके उपरांत आगामी निर्देश पर उनकी पुनः परीक्षा आयोजित की जावेगी विकासखंड स्त्रोत समन्वयक (बीआरसीसी)श्रीमती संगीता यादव द्वारा नव साक्षर चेतना केंद्रो के निरीक्षण के दौरान परीक्षा दे रहे साक्षर साथियों द्वारा बताया गया कि पहले हमें अपनी बेटी अथवा अन्य रिश्तेदारों से बात करने के लिए फोन लगाना नहीं आता था किंतु अब ऐसा नहीं है पहले हम अंगूठा लगाते थे अब हम सभी हस्ताक्षर कर रहे हैं जिससे हम सभी अपने आप को गौरांवित महसूस करते हैं बीआरसीसी ने बताया कि शासन द्वारा संचालित इस योजना से समाज का अंतिम व्यक्ति शिक्षा के मुख्य धारा से जुड़ सकेगा जिससे एक समृद्ध एवं शक्तिशाली समाज एवं राष्ट्र का निर्माण संभव होगा।

**मेट्रो एंकर** अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर बालिकाओं को दी पोषण की जानकारी

# हमें पोषण मिलेगा तो ताकतवर बन सकेंगे पोषण स्वास्थ्य और विकास आपस में जुड़े हुए





सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।

महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना सिवनी मालवा के सेक्टर सतवासा कई ग्रामों में अंतरराष्ट्रीय बिटिया दिवस मनाया गया ग्राम धरम कुंडी एवं मकोडिया में उन्हें पोषण स्वास्थ्य शिक्षा दी गई एवं स्वच्छता की शपथ दिलाई ग्राम बघवाड़ा में अंतर्राष्ट्रीय डॉटर्स डे का आयोजन किया गया। पोषण माह सितंबर में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस आने के कारण बालिकाओं को उनके पोषण की जानकारी दी पर्यवेक्षक श्रीमती सुचित्रा राजावत द्वारा उन्हें बताया कि अच्छी ग्रोथ विकास के लिए अच्छा भोजन करना आवश्यक है अगर हमें मजबूत बनना है तो हमारी थाली पौष्टिक होना चाहिए जिसमें हरी सब्जियां दालें दूध दही साबुत अनाज रंग-बिरंगा भोजन शामिल हो जिससे हमें पोषण मिलेगा और हम ताकतवर बन सकेंगे पोषण स्वास्थ्य और विकास आपस में जुड़े हुए हैं। अच्छे पोषण से ही सभी मुसीबत से मुकाबला कर सकेंगे कहावत की है की आहार से पहाड़ धकेललेंगे उपस्थित माता को भी समझाइए दी गई की अगर हमारी बालिकाओं की शारीरिक एवं मानसिक स्थिति मैं सुधार करना है तो उन्हें अच्छा पोषण देना होगा साथ ही बचपन से ही उन्हें सही दिशा देनी होगी उपस्थित बालिकाओं को बालिकाओं को गुड टच एवं बेड टच की जानकारी दी गई उन्हें बताया कि अगर कोई भी हमें गलत तरीके से छूता है तो हमें अच्छा नहीं लगता उसे बेड टच कहा जाता है और अगर कोई हमें माता-पिता की तरह शाबाशी देकर छुए तो वह हमें बुरा नहीं लगता इसे गुड टच कहा जाता है तो कोई भी व्यक्ति हमें बेड टच करें तो उसके बारे में हमें अपने परिवार वालों को अथवा आंगनवाड़ी दीदी को बताना चाहिए जब हम अपनी बालिकाओं को बचपन से ही इस प्रकार प्रशिक्षित करें कि उनकी गलत और सही की समझ विकसित हो तभी हमारी बेटियां वृद्धि विकास के साथ सही दिशा में बढ़ते हुए रुचि अनुसार सामाजिक आर्थिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में सहयोग करेंगी माताओ को यह भी बताया की बालिकाओं का हमेशा आत्मविश्वास बढ़ाए और उन्हें आत्मरक्षा एवं आत्म विश्वास बढ़ाने वाले खेल जैसे तैराकी तीरंदाजी कबड्डी हॉकी नृत्य आदि में उन्हें आगे बढ़ने दे और यह सब तभी संभव हो पाएगा जब उनका शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा जो की पोषण पर भी निर्भर करता है। इस दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती सोनिका दुर्गा राखी एवं सहायिका राधा सुनैना संगीता सहित गांव की महिलाएं तथा बालिका उपस्थित थी।

## पचमढ़ी पर्यटन स्थल पर स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत साफ सफाई की गई



नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।

पर्यटन स्थल पचमढी में मध्यप्रदेश शासन के आदेशानुसार इकाई होटल हाइलैंड स्टाफ द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा मनाए जाने पर बेगम पैलेस(व्यू पॉइन्ट) चंपक लेक,देवदारु बंगला एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया गया, स्वच्छता श्रमदान की गतिविधि के अंतर्गत प्लास्टिक संग्रहित किया गया जिसमे परिसरों से लगभग 50 किलोग्राम प्लास्टिक संग्रहित किया गया। स्वच्छता ही सेवा अभियान कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय प्रबंधक ए यू खान द्वारा पर्यटन स्थल पर बने रिसोर्ट होटल के प्रबंधकों, कर्मचारियों एवं पर्यटकों को एकत्रित कर सभी को स्वच्छता का महत्व बताया गया, साथ ही उससे होने वाले फायदे एवं गंदगी से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी भी दी गई। साथ ही हमेशा स्वच्छ रहने और साफ सफाई रखने का दिया संदेश एवं जो प्रबंधक ओर कर्मचारी किसी कारणवश स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में शामिल नही हो सके उन तक शामिल हुए कर्मचारियों और प्रबंधकों से संदेश पहुंचाने के लिए बताया गया, साथ ही पर्यटन स्थल पचमढी पंहुचे पर्यटकों से भी स्वच्छता को लेकर चर्चा की गई और गंदगी न फैलाने का संदेश दिया गया। श्रमदान में क्षेत्रीय प्रबंधक ए यू खान, आशीष गुप्ता, शलभ गौतम एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

### मंडी में खून पसीने की कमाई पर डाका डालने पर भड़के किसान

# ट्रैक्टर-ट्रॉली के साथ तहसील पहुंचे किसान आखिर ठोस कार्रवाई क्यों नहीं हो रही?

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

किसान की मेहनत को लूटने वालों हम्माल के खिलाफ तत्काल प्रभावी कार्रवाई की मांग को लेकर किसान नेता सुरेंद्र रघुवंशी के साथ किसानों ने तहसील कार्यालय के गेट पर प्रदर्शन किया एसडीएम के द्वारा किसानों को कार्रवाई करने का ठोस आश्वासन दिया इसके बाद ही किसान यहां से उठे इससे पहले तहसीलदार संजय चौरसिया ने किसानों से बात करते हुए जांच कर कर कार्रवाई करने की बात कही थी पर किसानों की एक ही मांग थी कि इस मामले में अभी तुरंत कार्रवाई होनी चाहिए इसके बाद एसडीम को बुलाने की मांग करने लगे। फिर एसडीएम हर्षल चौधरी पहुंचे उन्होंने कृषकों से बात करते हुए कहां कि उपज चोरी करने वाले हम्माल पर हम ठोस कार्रवाई करेंगे। इसके बाद किसानों ने प्रदर्शन खत्म हुआ छापू के किसान भारत सिंह 8 बोरा उड़द की फसल मंडी में बेचने के लिए लेकर आए थे उसमें से एक बोरा चोरी करके गायब कर दिया इसकी शिकायत जब किसान ने मंडी में की तो वहां से कोई कार्रवाई करने तत्काल नहीं आया और किसान ने कहा कि कैमरे लगे हैं उनकी जांच कर लो तो पता चला कि नहीं है। इस बात से गुस्सा होकर किसान ट्रैक्टर ट्राली लेकर तहसील कार्यालय पहुंचे और कार्रवाई की मांग को लेकर धरना देकर नारेबाजी करने लगे। कृषि उपज मंडी में आए दिन फसल चोरी के मामले सामने हैं। इसके बाद भी प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा कृषकों की मेहनत की उपज चोरी करने वाले पर तत्काल कठोर एक्शन नहीं

### उड़द का बोरा चोरी करने वाले हम्मालों पर कड़ी कार्रवाई की मांग एसडीएम के आश्वासन पर माने



लिया जाता है। इसके चलते हम्मालो के हौसले बुलंद है। इसी का परिणाम है कि मंडी में आनज चोरी रुकने का नाम नहीं ले रही है। जो मंडी पहले एक ग्रेड में थी वहां अब सबसे नीचे वाले ग्रेड में पहुंच गई है इसी तरह के हालत रहे तो आने वाले दिनों में किसान यहां पर नजर ही नहीं आएंगे। इससे भी कोई सीख मंडी प्रशासन और क्षेत्र के जनप्रतिनिधि नहीं ले रहे हैं। अधिकांश किसानों का नगर की मंडी से मोहभंग हो रहा है। इसके के बाद भी सब आंखें बंद करके तमाशा देख रहे हैं किसानों के साथ मारपीट के मामले भी सामने आ चुके हैं। इसके बाद भी परिवर्तन करने के लिए कार्य नहीं किया जा रहा है। इसकी मुख्य वजह जो सामने आ रही है उसमें बताया जा रहा है कि मंडी में काम करने वाले अधिकांश हम्मालो का रिकॉर्ड भी सही नहीं है इसकी जानकारी होने के बाद भी ऐसे हम्मालो को मंडी से बाहर करने का काम नहीं किया जा रहा है। अपराधिक किस्म के होने के कारण प्रशासन का खौफ नहीं है मंडी का स्टाफ भी कार्रवाई करने से बचता है उन पर भी हावी हो जाते हैं।

मंडी तक फसल को लाने के लिए किसानों को कड़ी तपस्या करनी पड़ती है इस समय पानी से बचकर गीले खेतों में फसल को कटवाकर अन्नदाता उपज ले कर आ रहे हैं उनकी की खून पसीने की फसल पर डांडी मरने वालों पर तत्काल कठोर कार्रवाई करके जेल भेजना चाहिए तभी सुधार होगा मंडी से निकलने से कुछ नहीं होगा कुछ दिनों के बाद यह लोग फिर से मंडी में काम करने लगते हैं।

**किसानों को लूटने का काम कर रही हैं मंडी-** किसान ने रघुवंशी ने मंडी कमेटी के ऊपर आरोप लगाते हुए कि किसानों को लूटने का काम हो रहा है मंडी समिति ने सीसीटीवी कैमरों के लिए 4:30 लाख रुपए की राशि स्वीकृत हुई थी जिस पर अभी तक कोई कार्य नहीं हुआ है और लगातार चोरी की घटनाएं सुनने में आ रही हैं। ह अभी तक चोरी करने वाले हम्माल का मंडी प्रशासन पता भी नहीं लगा पाई है।

#### इनका कहना है -

*जिसके द्वारा भी किसान की उपज चोरी की गई है उसके खिलाफ जांच के बाद हम ठोस कार्रवाई करेंगे पहले भी आनाज चोरी करने वाले हम्मालो को मंडी से बाहर कर चुके हैं इसमें भी इस तरह की कार्रवाई करेंगे।*

*हर्षल चौधरी एसडीएम*

### सदस्यता अभियान को लेकर भाजपा पथरिया मंडल की समीक्षा बैठक

# विधायक ने कहा-गांव जाकर बताएं सरकार की योजनाएं, भाजपा



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

सोमवार को पथरिया मंडल में भाजपा सदस्यता अभियान को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बैठक का शुभारंभ कुरवाई विधायक हरिसिंह सप्रे ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। बैठक में मंडल पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न मोर्चा अध्यक्ष पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने सर्वप्रथम संगठन पर्व सदस्यता अभियान 2024 की समीक्षा की। सभी को सदस्यता अभियान में सक्रियता से अपनी भागीदारी सुनिश्चिवत करने का आह्वान किया। इस अवसर पर विधायक हरिसिंह सप्रे ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है। पार्टी कार्यकर्ताओं को जो जिम्मेदारी देती है। उसे कार्यकर्ता पूरी लगन और मेहनत से पूरा करते हैं। वर्तमान में संगठन पर्व के अंतर्गत सदस्यता अभियान का कार्य चल रहा है। इसमें हम सभी को अधिक से अधिक व्यक्तियों को पार्टी विचारधारा से अवगत करवाते हुए जोडना है। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद महिलाओं का सम्मान बढ़ता जा रहा है। आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनावों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व संसद और विधानसभा में 33 प्रतिशत रहेगा। प्रधानमंत्री आवास योजना के मकान की रजिस्ट्री महिला के नाम पर होती है और उज्जवला योजना सहित कई कल्याणकारी योजनाओं के कारण महिलाओं के जीवन में बड़ा बदलाव आया है। आज लाड़ली लक्ष्मी और लाड़ली बहना योजना का लाभ बड़ी संख्या में महिलाओं को मिल रहा है। कुछ वर्ष पहले देश-प्रदेश में बेटियों को अभिशाप



माना जाता था, लेकिन अब केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के कारण बेटियों को अभिशाप नहीं वरदान माना जाता है। वर्ष 2014 से पहले गरीबी हटाने का सिर्फ नारा सुनाई देता था, लेकिन अब गरीबी हटाना प्रधानमंत्री का मिशन है और वो इस दिशा में तेजी से काम कर रहे हैं। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष बनवारी लाल साहू, विक्रम सिंह रघुवंशी, बबलू शर्मा, कपिल चौहान, सुरेंद्र सिंह, शिवराज रघुवंशी, सरपंच प्रतिनिधि लेखराज पाल, मोहित रघुवंशी, सुरजन सिंह यादव, राजेश प्रभाकर, देवेंद्र विश्वकर्मा, संजू सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सीएम डॉ मोहन यादव की घोषणा के बाद जैन समाज में हर्ष का माहौल, समाजजनों ने किया आभार व्यक्त

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा भोपाल सीएम हाउस पर छमावाणी कार्यक्रम के दौरान जैन समाज के हित में जो घोषणाएं की गई इसको जैन समाज में काफी हर्ष का माहौल है। इस हर्ष के मौके पर जैन समाज के नेताओ ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का आभार व्यक्त किया। तो वही मुख्यमंत्री द्वारा घोषणा की गई कि मप्र शासन द्वारा जैन कल्याण बोर्ड का गठन व बिहार के दौरान मुनि आचार्य,साधु संत जब भी किसी



निकाय या पंचायत से गुजरेगें और यदि उन्हें किसी भी शासकीय भवन की आवश्यकता होगी तो शासन उन्हें निःशुल्क सर्वोच्च प्रथामिकता के साथ भवन उपल्बध कराने की बात कही। जैन समाज के नेताओं ने मुख्यमंत्री को लिखे आभार पत्र में कहा कि सरकार ने जो जैन समाज के हित में निर्णय लिया है उसे लेकर सम्पूर्ण जैन समाज गौरंवित है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने यह भी कहा कि सागर में मेडिकल कॉलेज खोलने की मंजूरी आ गई है उक्त कॉजेल का नाम आचार्य विद्या सागर के नाम से रखा जाएगा। इस दौरान अखिल भारतीय जैन समाज राजनैतिक चेतना मंच के अध्यक्ष सौरभ जैन गुलाबगंज,आइजा उपाध्यक्ष राजीव जैन सैनानी,मप्र जैन समाज के अध्यक्ष राकेश जैन गोयल,जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष सुनील जैन गुरधानी,जैन बडें मंदिर के अध्यक्ष प्रवीण भूपत,ट्रस्टी संदीप जैन चंपतिया,ट्रस्ट के सदस्य कपिल जैन प्याराखेडी,पचखनी जैन मंदिर के अध्यक्ष डॉ राजीव जैन बंटी,अशोक जैन मोदी,मंत्री जितेन्द्र जैन बब्लू,छत्री मंदिर के अतुल जैन सिक्की,ट्रस्टी संजय जैन सियलपुर,पवन जैन,संजीव जैन रेखला,नीलेश जैन आदि ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का आभार व्यक्त किया।

# ठगी से बचने की हिदायतों के बाद भी लोग नहीं हो पा रहे सचेत

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**



ओसाफ खान पिता स्व. असलम खान उम्र 20 साल निवासी छोटा घेर मोहल्ला ने थाने में आवेदन देकर अपने साथ हुई धोखाधड़ी पर कार्रवाई की मांग की है। ओसाफ ने अपने आवेदन में बताया है कि आज सुबह करीब 11.15 बजे मेरी मां फराह खान के मोबाईल 7247017524 पर एक अज्ञात व्यक्ति का मोबाईल नंबर. 923271992066 से फोन आया और बोले की तुम्हारा लड़का ओसाफ थाने के अंदर बंद है, दो तीन लड़के पकड़े गये है जिन्होंने किसी लडकी को छेड़ा है। इसके साथ 2-3 लड़के और भी है हम नंबर दे रहे है उस पर 50 हजार रुपये ट्रांसफर कर दो नहीं तो तुम्हारे लड़के ओसाफ को जेल भेज देंगे और 3-4 लाख रुपये लगेंगे तब छूटेगा और मोबाईल नंबर 7400750496 व 9522 049138 दिया और बोले की रुपये ट्रांसफर कर दो। बोले की मोवाईल बंद मत करना नहीं तो तुम्हारे लडके को मारेंगे। मां फराह ने घबराकर 7400750496 और 9522 049138 नंबर पर कुल 23000 रुपये फोन पे के माध्यम से ट्रांसफर कर दिये। थोड़ी देर बाद जब ओसाफ घर आया तो मेरी मां ने पूछा की तुझे कहा की पुलिस ने पकड़ लिया था, तो बताया कि मैं तो मंडी गया था. मुझे किसी ने नहीं पकड़ा और फिर मुझे पूरी बात बतायी। इस प्रकार अज्ञात ठग ने फोन के माध्यम झूठ बोलकर 23000 रुपए ठग लिए जिसका उसने पुलिस की कार्रवाई की मांग की है।

# प्रतिमा को गंदा करने वाले अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**सिरोंज।** कुरवाई में डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा को गंदा करने वाले अज्ञात लोगो के खिलाफ पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज कराया गया है। कुरवाई एसडीएम मनोज उपाध्याय के द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी की मूर्ति कुरवाई के वार्ड क्रमांक दो में स्थापित है। प्रतिमा को गंदा करने वाले अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रथम सूचना तथ्य के आधार पर अपराध धारा 298 बीएनएस का पाया जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। प्रथम सूचना तथ्य के आधार पर जांच के दौरान कथन रानी अहिरवार पति रामप्रसाद उम्र 36 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक दो कुरवाई एवं हरिओम सेन निवासी कुरवाई के कथन लेख अनुसार सम्पूर्ण जांच प्रक्रिया संपादन हेतु अज्ञात आरोपी के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कर पुलिस द्वारा प्रकरण में जांच की जा रही है।



# मूक बधिर बच्चों को आने वाली परेशानियों तथा उनसे किस प्रकार व्यवहार करें, विषय पर हुई चर्चा

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

अंतर्राष्ट्रीय साइन लैंग्वेज दिवस सोमवार को जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र परिसर में मनाया गया। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा दिए गए निर्देशों के परिपालन में विशेष स्कूल दीक्षा निकेतन, सूरज निकेतन, उम्मीद शिक्षण समिति एवं आकांक्षा विशेष स्कूल में अध्यनरत दिव्यांग छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावक व समस्त स्टाफ द्वारा मूक बाधिर बालकों, व्यक्तियों व उससे ग्रसित लोगों को समाज में अपने दैनिक कार्यों के समायोजन व आने वाली परेशानियों के हल एवं उपायों हेतु जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में पहुंचे अधिकारियों एवं संस्थाओं के स्टाफ द्वारा मूक बाधिर जनों को सामान्य जीवन में आने वाली परेशानियों से निपटने के लिए अपना विषय रखकर अभिभावकों एवं दिव्यांग मूक बाधिर बच्चों के साथ किस प्रकार व्यवहार करें विषय पर व्यापक रूप से चर्चा की गई। उससे संबंधित ब्राउजर साहित्य का वितरण किया गया तथा शासन की सामाजिक न्याय विभाग की योजनाओं का वाचन किया गया। साइन लैंग्वेज सांकेतिक भाषा के माध्यम से प्रस्तुतीकरण किया गया। दीक्षा निकेतन विशेष स्कूल और



छात्रावास की विशेष छात्रों एवं शिक्षकों द्वारा दो लघु कहानियों का सांकेतिक भाषा में प्रस्तुत की गईं। कार्यक्रम में जिला न्यायाधीश मसूद अहमद खान, डीएसपी ज्योति शर्मा, एसडीओपी ज्योति पटेल ऑडियोलॉजिस्ट मेडिकल कॉलेज विदिशा शिल्पी राय, शिक्षा विभाग के एमआरसी रितेश देशमुख, रुपेश मालवीय, प्रशासकीय अधिकारी जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र नेहा सिंह सहित अन्य मौजूद रहे। कार्यक्रम के उपरांत उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।

**मेट्रो एंकर**

### कलेक्टर द्वारा योजनाओं के क्रियान्वयन व लंबित आवेदनो की समीक्षा

# शासकीय कार्यो में लापरवाही बरतने वाले अधिकारी-कर्मचारियो को शोकॉज नोटिस

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने सोमवार को लंबित आवेदनो की समीक्षा बैठक के साथ-साथ विभागो के माध्यम से क्रियान्वित केन्द्रीय व राज्य स्तरीय कार्यक्रम एवं योजनाओं की अद्यतन स्थितियों का भी जायजा लिया है। समीक्षात्मक बैठक में अनुपस्थित रहने, शासकीय कार्यो में लापरवाही बरतने वाले अधिकारी, कर्मचारियों को शोकॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए है।

कलेक्टर द्वारा कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में आयोजित लंबित आवेदनो की समीक्षा बैठक में शामिल ऐजेण्डा बिन्दु क्रमशः राजस्व महाअभियान, उर्वरकों की उपलब्धता, एएनसी पंजीकरण,पीएम जनमन, संभागायुक्त की समीक्षा बैठक की बिंदुओं के क्रियान्वयन तथा आंगनवाड़ी केन्द्र में चल रहे कार्य, सीएम राइज स्कूल भवनों के निर्माण स्थिति,संजीवनी क्लीनिक्स,अमृत अभियान 2 कार्य,जेजेएम स्थिति, पूर्णता और हस्तांतरण की स्थिति,सड़कों पर गौवंश की रिपोर्ट, एसएचएस अभियान रिपोर्ट, स्वामित्व योजना की प्रगति,राजस्व संग्रहण, आयुष्मान पखवाड़ा रिपोर्ट, खाद्य सुरक्षा नमूना रिपोर्ट, सीएम हेल्पलाइन, अगस्त में विभागों के प्रदर्शन की ग्रेडिंग तथा संवेदनशील समाचार पत्रो की कतरनो पर संबंधित विभागो के द्वारा की गई कार्यवाहियों की अद्यतन स्थिति से अवगत हुए है।



**शोकॉज नोटिस** – कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन के तहत दर्ज आवेदनों के निराकरणो में रूचि ना प्रदर्शित करने वाले अधिकारियों के साथ-साथ शासकीय कार्यो में लापरवाही बरतने व बैठक में अनुपस्थित रहने वालो को शोकॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं उनमें तहसीलदार श्री जगन प्रसाद दसोर, सीईओ श्री जितेन्द्र कुमार जैन, बीईओ श्री जीएफ मिंज, सीडीपीओ श्री फिरदोर अख्तर राईन, सिविल सर्जन डॉ शिरिष रघुवंशी, बीएमओ डॉ कृष्णकांत सोनी, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी मीना सोनी, वैशाली दांगी, सीईओ श्री रणवीर सिंह राजपूत, भगवान सिंह राजपूत, प्रभारी सीडीपीओ राजकुमारी बघेल, सहायक यंत्री कुमारी नेहा, निरीक्षक श्री जसवंत मीणा, सीएमओ श्री पवन कुमार शर्मा, श्री मोहम्मद सलीम खॉन शामिल है।

**डेंगू पर नियंत्रण** – स्वास्थ्य विभाग व निकाय के अधिकारियों को संयुक्त रूप से निर्देशित किया है कि मलेरिया व डेंगू के नियंत्रण कार्यो में किसी भी प्रकार की लापरवाही ना बरते। उन्होंने निकायों के अधिकारियों को फॉगिग मशीन से छिडकाव करने, डेंगू संक्रमित मरीजो के उपचार के संबंध में क्रियान्वित कार्यो के संबंध में भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए है।

**पोर्टल पर अपडेट** – सभी विभागो के जिलाधिकारियों को निर्देशित किया है कि विभागीय क्रियान्वित योजनाओं व कार्यक्रमो की अपडेट जानकारी पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दर्ज की जाए ताकि प्रदेश स्तरीय समीक्षा के दौरान जो आंकडे प्रदर्शित होते है में भिन्नता ना हो।

**डिलेवरी घरो में होने पर असंतोष जाहिर** – कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने इस माह में आठ डिलेवरी घरो में होने पर असंतोष जाहिर करते हुए लटेरी एवं कुरवाई बीएमओ को शोकॉज नोटिस जारी करने के निर्देश तो दिए है ही है साथ ही साथ अन्य ग्राम स्तरीय अमले के खिलाफ भी कार्यवाही सुनिश्चित कराने तथा समय पर वाहन की उपलब्धता क्यो सुनिश्चित नहीं की गई। इस कार्यो को संपादित कराने वालो के खिलाफ भी कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। उक्त बैठक में अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर के अलावा संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शशि मिश्रा, श्रीमती मोहिनी शर्मा, विनीत तिवारी, सुश्री निकिता तिवारी, डिप्टी कलेक्टर संतोष बिटौलिया के अलावा विभिन्न विभागो के जिलाधिकारी मौजूद रहे।

# नैतिक भारत अभियान के तहत दिया प्रशिक्षण



**सिरोंज।** इनिशिएटिव ऑफ चेंज) द्वारा संचालित एक नैतिक भारत अभियान के अंतर्गत के एलबीएस कॉलेज व उत्कृष्ट बालिका छात्रावास में कार्यशाला का आयोजन किया गया ।जिसमें विकासखंड शिक्षा अधिकारी उमेश सोनी ने कहा कि बहुत ही अच्छी पहल संस्था के द्वारा की जा रही है लोगों में नैतिक मूल्यों का अभाव अभी देखने को मिल रहा है उसमें बदलाव लाने और अच्छे कामों के लिए प्रेरित किया जा रहा है। वही राजेश पटेल ने कहा कि नैतिक मूल्य के बगैर जीवन में कुछ नहीं सबसे पहले अपने अंदर अच्छे संस्कारों का ग्रहण करें फिर दूसरों को बदलने के लिए कम करें। कन्या शाला प्राचार्य मनोज शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किया।



### राजकुमार कुशवाह बनें युवा मोर्चा अध्यक्ष

**सिरोंज।** आयोजित अखिल भारतीय कुशवाह महासभा की जिला स्तरीय बैठक में श्रीलवकुश आयोजन समिति के अध्यक्ष रहें राजकुमार कुशवाह को सर्व सहमति से युवा मोर्चा का अध्यक्ष चुना गया उनके अध्यक्ष बनायें जाने पर उनके साथियों ने उन्हें प्रत्यक्ष व सोशल मीडिया के माध्यम से बधाई दी गई ।

# 27 से कानपुर टेस्ट: भारत के पास चौथी सबसे कामयाब टीम बनने का मौका

**कोलंबो. एजेंसी**

भारत और बांग्लादेश के बीच टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला 27 सितंबर से कानपुर में खेला जाएगा। भारत ने चेन्नई टेस्ट 280 रन से जीतकर सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। टीम अब कानपुर टेस्ट जीतकर सीरीज पर कब्जा जमा सकती है। वहीं बांग्लादेश के पास दूसरा मैच जीतकर सीरीज ड्रॉ कराने का मौका है। सबसे ज्यादा टेस्ट जीतने के मामले में भारत के पास साउथ अफ्रीका को पीछे छोड़ने का मौका है। टीम इंडिया ने अब तक 580 में से 179 मुकाबले जीत लिए हैं, इतने ही टेस्ट साउथ अफ्रीका ने भी जीते हैं। कानपुर टेस्ट जीतकर भारत 180 जीत के साथ साउथ अफ्रीका से आगे निकल जाएगा। भारत ने अगर दूसरा मुकाबला जीता तो टीम टेस्ट में चौथी सबसे कामयाब टीम हो जाएगी। भारत से आगे फिर वेस्टइंडीज (183 जीत), इंग्लैंड (397 जीत) और ऑस्ट्रेलिया (414) की टीमें ही रहेंगी। विराट कोहली के नाम 114 टेस्ट में 29 सेंचुरी हैं। वे बांग्लादेश के खिलाफ एक भी शतक लगाते हैं तो ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज सर डोनाल्ड ब्रैडमैन से ज्यादा शतक लगा लेंगे। ब्रैडमैन के नाम 52 टेस्ट में 29 शतक हैं।




### विराट कोहली 9000 टेस्ट रन के करीब

भारत के पूर्व कप्तान विराट कोहली 9,000 टेस्ट रन के करीब हैं। उनके नाम फिलहाल 114 टेस्ट में 8,871 रन हैं। वे बांग्लादेश के खिलाफ कानपुर में 129 रन बनाकर 9,000 रन का आंकड़ा पार कर सकते हैं। कोहली चेन्नई टेस्ट की 2 पारियों में 6 और 17 रन ही बना सके थे। कोहली ने अगर कानपुर टेस्ट में 9000 रन का आंकड़ा पार कर लिया तो वे ऐसा करने वाले भारत के चौथे ही प्लेयर बनेंगे। उनसे पहले सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़ और सुनील गावस्कर ही ऐसा कर सके हैं।

### पाकिस्तान को पीछे छोड़ने का मौका

भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ 14 में से 12 टेस्ट जीते हैं, जबकि 2 मुकाबले ड्रॉ रहे। साउथ अफ्रीका और पाकिस्तान ने भी बांग्लादेश को 12-12 टेस्ट ही हराए हैं। कानपुर टेस्ट जीतते ही टीम इंडिया बांग्लादेश को सबसे ज्यादा हराने वाली टीमों में चौथे नंबर पर पहुंच जाएगी। श्रीलंका 20 जीत के साथ पहले नंबर पर है। जबकि वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड ने बांग्लादेश को 14-14 टेस्ट हराए हैं। वहीं भारत के कप्तान रोहित शर्मा के नाम इंटरनेशनल क्रिकेट में 48 सेंचुरी हैं। वे कानपुर टेस्ट में एक और शतक लगाते ही भारत के लिए सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले प्लेयर्स में तीसरे नंबर पर पहुंच जाएंगे। वे फिलहाल राहुल द्रविड़ के साथ बराबरी पर हैं।



### एक अक्टूबर को लखनऊ में मुकाबला

# ईरानी कप में मुंबई के कप्तान होंगे अजिंक्य रहाणे

### श्रेयस और शार्दूल भी टीम में शामिल

**नई दिल्ली. एजेंसी**

ईरानी कप के लिए मुंबई ने अनुभवी अंजिक्य रहाणे को कप्तानी सौंप दी है। टीम में श्रेयस अय्यर और शार्दूल ठाकुर भी शामिल रहेंगे। श्रेयस ने दलीप ट्रॉफी में हिस्सा लिया था, वहीं शार्दूल इंजरी के बाद वापसी कर रहे हैं। जबकि रहाणे पिछले दिनों इंग्लैंड में काउंटी क्रिकेट खेल रहे थे। ईरानी कप में 2023 की रणजी ट्रॉफी चैंपियन मुंबई का सामना रेस्ट ऑफ इंडिया से होगा। मुकाबला लखनऊ के इकाना स्टेडियम में 1 से 5 अक्टूबर तक खेला जाएगा। भारत के ऑलराउंडर शार्दूल ठाकुर ने इसी साल जून में एंकल इंजरी की सर्जरी कराई। सर्जरी के बाद 3 महीने तक क्रिकेट से दूर रहे। फिर सितंबर में ही कर्नाटक के टूर्नामेंट में हिस्सा लिया। मुंबई क्रिकेट एसो. ने बताया कि वह ईरानी कप के लिए अवेलेबल रहेंगे। ईरानी कप के लिए पूरे स्क्वॉड की घोषणा हो सकती है। 2015-16 तक मुंबई ने रणजी ट्रॉफी के 41 खिताब अपने नाम किए थे।



## मेट्रो बाजार

# अमरीका के जीडीपी के आंकड़े, विदेशी निवेशक तय करेंगे बाजार की चाल

**मुंबई. एजेंसी**

अमरीका में ब्याज दरें घटने से पिछले सप्ताह भारतीय शेयर बाजार में जबरदस्त तेजी आई, जो आगे भी जारी रहने की उम्मीद है। ब्याज दरें घटने से विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआइआइ) ने आक्रामक तरीके से भारतीय शेयरों की खरीदारी की। अकेले शुक्रवार को ही एफआइआइ ने भारतीय शेयर बाजारों में 14,000 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश किया, जो आगे भी जारी रहने के आसार हैं। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि इस सप्ताह शेयर बाजारों की दिशा वैश्विक रुख और विदेशी निवेशकों की गतिविधियों से



तय होगी। अमरीका में ब्याज दरों में कटौती का उभरते बाजारों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। रेलिगेयर ब्रोकिंग के अजित मिश्रा ने कहा, हालांकि, फेडरल रिजर्व की ब्याज दरों में कटौती की प्रमुख घटना पीछे रह गई है, लेकिन आगे भी बाजार की दिशा के लिए सभी का ध्यान अमरीका पर रहेगा। गुरुवार को अमरीका मे जून तिमाही के जीडीपी के आंकड़े आएंगे। इसके अलावा कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव पर भी निवेशकों की निगाह रहेगी। 2 मेनबोर्ड सेगमेंट के आइपीओ और 9 एसएमई सेगमेंट के आइपीओ दलाल स्ट्रीट को गुलजार करने आ रहे हैं। ये कंपनियां 900 करोड़ रुपए जुटाने की तैयारी में हैं। मेनबोर्ड में मनबा फाइनेंस लिमिटेड और केआरएन हीट एक्सचेंजर का आइपीओ आ रहा है। इसके साथ ही 14 कंपनियों की लिस्टिंग भी इस हफ्ते होगी। भारतीय शेयर बाजार फिलहाल भू-राजनीतिक जोखिमों से प्रभावित नहीं दिख रहा है, लेकिन यह आगे बाजार के लिए बड़ा खतरा पैदा कर सकता है। डेरिवेटिव निपटान की वजह से इस हफ्ते बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। बाजार धीरे-धीरे ऊपर चढ़ रहा है। हमें उम्मीद है कि मजबूत विदेशी निवेश, स्वस्थ घरेलू वृहद कारक और अमरीकी अर्थव्यवस्था में मंदी के बारे में घटती चिंता के कारण इस सप्ताह भी बाजार में तेजी जारी रहेगी। सेंसेक्स 86,000 तो निफ्टी 26,000 का स्तर छू सकता है।

# रिपोर्ट: अगले 8 साल में 10 ट्रिलियन डॉलर की हो सकती है भारतीय अर्थव्यवस्था, हर डेढ़ साल में इकोनॉमी बढ़ेगी

**नई दिल्ली. एजेंसी**

वर्ल्ड बैंक से लेकर आइएमएफ और दुनिया की तमाम ब्रोकरेज फर्म्स, रेटिंग एजेंसीज भारत की इकोनॉमी पर भरोसा जता रही हैं। डेलॉयट ने रविवार को अपनी रिपोर्ट में कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष 2024-25 में 7 फीसदी की दर से बढ़ेगी। वहीं आइडीबीआइ कैपिटल की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत अगले 8 वर्षों यानी 2032 तक 10 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बन जाएगा। देश वर्ष 2030 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा और भारत का मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर औद्योगिक उत्पादन (आइआइपी) के मामले में अमरीका, चीन, जर्मनी, जापान और दक्षिण कोरिया को भी पीछे छोड़ देगा। रिपोर्ट में भारत की बढ़ती निर्यात क्षमता को लेकर अनुमान लगाया गया है कि वर्ष 2030 तक देश का एक्सपोर्ट जीडीपी का 25त्न होगा और 2 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा। भारत की मैन्युफैक्चरिंग-एक्सपोर्ट ग्रोथ कई वजहों से होगी। लोगों की बढ़ती डिस्पोजेबल आय से घरेलू मांग बढ़ेगी, सप्लाई चेन ग्लोबल बनेगा, जिससे देश की निर्यात क्षमता बढ़ेगी। पब्लिक व प्राइवेट कैपिटल एक्सपेंडिचर, अनुकूल डेमोग्रोफिक डिविडेंड का लाभ मिलेगा। डेलॉयट कंसल्टिंग फर्म डेलॉयट ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष 2024-25 में 7 फीसदी की दर से बढ़ेगी। रिपोर्ट के मुताबिक, देश में खुदर महंगाई बढ़ने की दर काफी हद तक नियंत्रण में है। ग्रामीण मांग में वृद्धि हुई है

# आर्थराइटिस के कारण 8 साल तक व्हीलचेयर पर रहे थे संग्राम

## ऑल इंडिया पुलिस गेम्स में पहला पदक

**नई दिल्ली. एजेंसी**

आर्थराइटिस की बीमारी से पीड़ित संग्राम सिंह को आठ साल की उम्र तक व्हीलचेयर पर रहना पड़ा। लेकिन हालात से समझौता करने के बजाय संग्राम अपने सैनिक पिता उम्मेद सिंह की मदद से अपने पैरों पर खड़े होने में सफल रहे और पेशेवर कुश्ती में अपनी खास पहचान बनाई। संग्राम ने जॉर्जिया के त्बिलिसी में संपन्न गामा इंटरनेशनल फाइटिंग चैंपियनशिप में अपने पहले मिक्स्ड मार्शल आर्ट (एमएमए) मुकाबले में जीत दर्ज की और इसके साथ ही वे यह उपलिब्ध हासिल करने वाले पहले भारतीय पुरुष पहलवान बन गए हैं। उन्होंने एक मिनट 30 सेकंड में पाकिस्तान के अली रजा नासिर को हराया। संग्राम ने 1999 में दिल्ली पुलिस में भर्ती होने के बाद अपने कुश्ती करियर की शुरुआत की थी। 2005 में उन्होंने ऑल इंडिया पुलिस गेम्स में अपना पहला पदक जीता था। संग्राम कॉमनवेल्थ हैवीवेट कुश्ती चैंपियनशिप में खिताब जीतने के साथ ही पेशेवर कुश्ती में अपनी खास पहचान बनाने में सफल रहे। उन्होंने 2015 और 2016 में लगातार दो खिताब जीते। संग्राम सिंह समाज सेवा भी करते हैं, वे कई संस्थाओं से जुड़े हुए हैं। वहीं मोटिवेशनल कोच की भूमिका भी निभाते हैं। वे अपने जीवन से जुड़े किस्सों से स्कूल व कॉलेज में युवाओं को प्रेरित करते हैं। संग्राम फिट इंडिया आइकन के रूप में भी काम करते हैं। इसके अलावा वे विकसित भारत और स्वच्छ भारत जैसे अभियानों के ब्रांड एंबेसडर



### मोटिवेशनल कोच भी हैं संग्राम

संग्राम सिंह समाज सेवा भी करते हैं, वे कई संस्थाओं से जुड़े हुए हैं। वहीं मोटिवेशनल कोच की भूमिका भी निभाते हैं। वे अपने जीवन से जुड़े किस्सों से स्कूल व कॉलेज में युवाओं को प्रेरित करते हैं। संग्राम फिट इंडिया आइकन के रूप में भी काम करते हैं। इसके अलावा वे विकसित भारत और स्वच्छ भारत जैसे अभियानों के ब्रांड एंबेसडर भी हैं जो भारत के युवाओं के लिए एक रोल मॉडल के रूप में उनकी स्थिति को और मजबूत करता है। संग्राम खेल के साथ-साथ एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में कई रिएलिटी शोज में हाथ आजमा चुके हैं। वे बिग बॉस-7 और नच बलिए-7 जैसे शोज में काम कर चुके हैं। इसके अलावा भी टीवी व फिल्मों में उन्होंने कई किरदार निभाए हैं।

### बुंदेसलीगा: हैरी केन ने जादोन सांचो को पीछे छोड़ा

# बायर्न म्यूनिख के लिए 41 गोल दागे, पहले इंग्लिश फुटबॉलर बने

**ब्रेमेन (जर्मनी). एजेंसी**

इंग्लैंड के कप्तान हैरी केन ने जर्मन फुटबॉल लीग बुंदेसलीगा में अपने शानदार प्रदर्शन का सिलसिला जारी रखा। हैरी ने बुंदेसलीगा मैच में बायर्न म्यूनिख की ओर से अपना 41वां गोल दागा और इसके साथ ही वे जर्मन लीग में सर्वाधिक गोल करने वाले इंग्लिश फुटबॉलर बन गए हैं। उन्होंने इस मामले में जादोन सांचो को पीछे छोड़ा, जिन्होंने बोरुसिया डोर्टमंड के लिए 40 गोल दागे हैं।



### 41 गोल किए हैरी केन ने बायर्न म्यूनिख की ओर से अब तक

घरेलू लीग के शनिवार देर रात खेले गए मैच में बायर्न ने वेर्डर ब्रेमेन को उसके घरेलू मैदान पर 5-0 से शिकस्त दी। बायर्न म्यूनिख की ओर से माइकल ओलिस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 23वें व 60वें, जमाल मुसियाला ने 32वें, हैरी ने 57वें और गेनाब्री ने 65वें मिनट में गोल दागे।



### कोरिया ओपन फाइनल

# ब्रिटिज हद्दाद मैया ने जीता खिताब

**सियोल. दोपहर मेट्रो**

ब्राजील की ब्रिटिज हद्दाद मैया ने कोरिया ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। हद्दाद मैया ने रविवार को खेले गए फाइनल में रूस की डारिया कसात्किना को 1-6, 6-4, 6-1 से शिकस्त दी। पहला सेट हारने के बाद हद्दाद मैया ने गजब की वापसी की और लगातार दो सेट जीतते हुए खिताब जीत लिया।

## मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना

# टाइगर श्रॉफ के हाथ लगे कई बड़े प्रोजेक्ट! क्या हटा पाएंगे फ्लॉप फिल्मों का ग्रहण?

बॉलीवुड के पसंदीदा अभिनेता हैं टाइगर श्रॉफ। टाइगर कई सालों से कोई भी हिट फिल्म नहीं दे पाए हैं। बड़े मियां छोटे मियां, गणपत और हीरोपंती 2 यह सभी फ्लॉप रहीं, लेकिन अब टाइगर के प्रशंसकों के लिए एक अच्छी खबर है कि उनके पास कई आगामी बड़े प्रोजेक्ट हैं, जिनके जरिए वह अपनी फ्लॉप इमेज को सुधार कर सकते हैं। इस साल टाइगर की फिल्म बड़े मियां छोटे मियां रिलीज हुई, लेकिन अफसोस की बात यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर चल नहीं सकी। अब प्रशंसक उनकी आगामी फिल्मों पर अपनी नजरे बनाए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार टाइगर श्रॉफ बागी फ्रेंजाइजी की चौथी किस्त बागी 4 के साथ धांसू एंट्री करने वाले हैं। यह हमेशा की तरह ही एक एक्शन ड्रामा फिल्म होगी। इस फिल्म की शूटिंग इस साल नवंबर में शुरू होगी। बागी 4 का निर्देशन कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री के जाने माने निर्देशक हर्ष करेंगे। निर्देशक रोहित शेट्टी की आगामी कॉप यूनिवर्स की सिंघम की तीसरी किस्त सिंघम अगेन में टाइगर श्रॉफ नजर आएंगे। इस फिल्म में टाइगर सत्या के किरदार में धमाल मचाते नजर आएंगे। इस फिल्म में टाइगर के अलावा रणवीर सिंह, दीपिका पादुकोण, अर्जुन कपूर, अजय देवगन और करीना कपूर नजर आएंगी। यह फिल्म इस साल दीवाली पर रिलीज होगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, स्क्रू ढीला नाम की फिल्म में टाइगर श्रॉफ नजर आ सकते हैं। इस फिल्म की अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मिशन ईगल नाम की फिल्म में भी टाइगर का जलवा देखने को मिल सकता है। इस फिल्म की भी अभितक आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन अफवाहों के अनुसार इस फिल्म में टाइगर एक अलग अंदाज में नजर आएंगे।



# वीडियो : जान्हवी कपूर ने बनाया जीरो कैलोरी पास्ता



अभिनेत्री जान्हवी कपूर अपनी बातों, फिल्मों और निजी जिंदगी को लेकर अक्सर चर्चा में रहती हैं। जान्हवी ने अब अभिनेता रोहित सराफ के लिए जीरो कैलोरी पास्ता बनाया है, जिसका वीडियो रोहित ने खुद अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। अभिनेत्री जान्हवी कपूर इन दिनों अपनी फिल्म देवरा पार्ट 1 में नजर आ रही हैं। जान्हवी कपूर अक्सर फिल्मों, बयानों, निजी जिंदगी और लुक्स को लेकर चर्चा में रहती हैं। उन्होंने अपनी अगली फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी के लिए तैयारी शुरू कर दी है। अभिनेत्री अब सोशल मीडिया पर अपने एक वीडियो के कारण चर्चा में आ गई हैं। इस वीडियो में जान्हवी अभिनेता रोहित सराफ के लिए जीरो कैलोरी नाश्ता बनाती नजर आ रही हैं। ये वीडियो रोहित सराफ ने शेयर किया है, आइए आपको बताते हैं जान्हवी के लिए क्या बोले रोहित सराफ। जान्हवी कपूर रोहित सराफ के शेयर किए वीडियो में पास्ता बनाती नजर आ रही हैं। इस वीडियो देखा जा सकता है कैसे जान्हवी पास्ता में डाले जाने वाली सामग्री को पका रही हैं। जान्हवी ने इस दौरान ढीली सी सफेद टी-शर्ट और पीले रंग का पायजामा पहना था। वीडियो में जान्हवी कुकिंग के दौरान पूरी तरह से मगन होकर काम करती नजर आ रही हैं।


# खुशी कपूर के साथ फिल्म करने पर जुनैद खान ने जताया उत्साह, बोले- हम कई मायनों में एक जैसे





अभिनेता जुनैद खान ने हाल ही में खुशी कपूर और साई पल्लवी के साथ एक नई फिल्म साइन की है। अब मीडिया को दिए एक बयान में उन्होंने दोनों महिलाओं के साथ काम करने के बारे में बात की और बताया कि वह इस नए प्रोजेक्ट को लेकर कितने उत्साहित हैं। इस साल की शुरुआत में नेटफिलक्स फिल्म महाराज से अपने अभिनय करियर की शुरुआत करने वाले जुनैद ने मीडिया को बताया कि वह और खुशी एक से ज्यादा वजहों से एक जैसे हैं। अभिनेता ने खुशी की समय की पाबंदी की सराहना की। उन्होंने कहा, खुशी और मैं कई मायनों में एक जैसे हैं। हम दोनों ही अंतर्मुखी हैं। वह एक प्यारी इंसान हैं। हमेशा समय पर रहती हैं। साई पल्लवी के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, वह एक शानदार कलाकार हैं, मैं अब तक जितने भी कलाकारों से मिला हूं, उनमें से वह सबसे स्वाभाविक कलाकारों में से एक हैं। उनसे मेरी सबसे बड़ी सीख यह है कि कलाकार के तौर पर हम दोनों बहुत अलग हैं। हमारे पास सामग्री को देखने का तरीका बहुत अलग है। वह बहुत स्वाभाविक हैं। नई फिल्म की घोषणा इस महीने की शुरुआत में की गई थी। फैंटम स्टूडियो और एजीएस एंटरटेनमेंट ने डिजिटल युग में प्यार के बारे में अपनी आगामी फिल्म का अनावरण करते हुए सोशल मीडिया पर एक पोस्टर साझा किया। साझा किए पोस्टर में लिखा था, फैंटम स्टूडियो और एजीएस एंटरटेनमेंट ने खुशी कपूर और जुनैद खान के साथ प्यार, पसंद और बीच की हर चीज के बारे में हमारी फिल्म की नाटकीय रिलीज की घोषणा की है। फिल्म का निर्देशन अद्वैत चंदन करेंगे। जुनैद और खुशी दोनों के लिए यह पहली बॉलीवुड फिल्म होगी, जो पहले अपने-अपने नेटफिलक्स शो में नजर आ चुके हैं। इस बीच साई पल्लवी फिलहाल रणबीर कपूर के साथ नितेश तिवारी की रामायण की शूटिंग में व्यस्त हैं।

## बंद कमरे में फंदे पर लटकी मिली युवक की चार-पांच दिन पुरानी लाश



# सात आत्माओं ने घेर रखा है... इसलिए कर रहा हूं आत्महत्या

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** स्टेशन बजरिया थाना क्षेत्र स्थित खुशीपुरा में एक युवक की चार-पांच दिन पुरानी लाश फंदे पर लटकी मिलने से सनसनी फैल गई। युवक इंदौर में किसी प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता था और काम के सिलसिले में भोपाल समेत प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में जाता था। पुलिस ने मृतक के कमरे से एक सुसाइड नोट भी बरामद किया है। सुसाइड नोट में उसने लिखा है कि मुझे सात आत्माओं ने घेर रखा है। आत्माएं मुझे परेशान कर रही हैं, इसलिए शरीर त्याग रहा हूं। शाहपुर, जिला बैतूल से आई बहन और रिश्तेदारों को शव पीएम के बाद सौंप दिया गया है। परिजन ने भोपाल में ही उसका अंतिम संस्कार कर दिया।

पुलिस के अनुसार मूलरूप से ग्राम शाहपुरा जिला बैतूल निवासी तरुण शर्मा पिता रमाशंकर शर्मा (28) इंदौर में किसी प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता था। उनके माता-पिता नहीं हैं। एक बहन है जो शाहपुर में नानी के साथ रहती है। काम के सिलसिले में तरुण का उड़ीसा व अन्य प्रदेशों में आना-जाना होता था। इस बीच वह भोपाल में खुशीपुरा वाले कमरे में रुकता था। मकान मालिक अरविंद पाल का कहना है कि करीब पांच-छह दिन पहले उन्होंने तरुण को देखा था। रविवार शाम बंद कमरे से बदबू आने पर उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस को लोहे का दरवाजा तोड़ने में करीब एक घंटा मशक्कत करना पड़ी। अंदर कमरे में तरुण की पूरी तरह से डिकंपोज हुआ शव लटका मिला। मोबाइल में मिले नंबर के आधार पर पुलिस ने तरुण की बहन को घटना की सूचना दी। सोमवार को बहन भोपाल रिश्तेदारों के साथ भोपाल पहुंची थी।

### घर में रखी मिली मिठाई

मृतक तरुण शर्मा कथित रूप से प्रेत बाधाओं से ग्रसित था। उसके पास मिले सुसाइड नोट में लिखा है घर में मिठाई रखी है, खा लीजिए। मुझे कई लोगों ने मुझे परेशान किया है। यह सात आत्माएं हैं, मुझे परेशान कर रही हैं। अब मैं अपना शरीर त्याग रहा हूं। अगले जन्म में मैं अपने मूल शरीर में चला जाऊंगा। इन आत्माओं से मैं छुटकारा पाना चाहता हूं। इसके अलावा भी सुसाइड नोट में कई बातें लिखी हैं लेकिन सुसाइड के कारण अथवा किसी के नाम का उल्लेख नहीं है।

# 7 साल की मासूम से अश्लील हरकत एक महीने बाद बच्ची ने खुद की पहचान

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

टीला जमालपुर थाना क्षेत्र में 7 साल की मासूम से अश्लील हरकत करने का मामला सामने आया है। आरोपी मदरसे का चंदा लेने पहुंचा था, तभी उसने 7 साल की मासूम को अकेला देखकर उसके साथ अश्लील हरकत कर दी। घटना एक महीने पुरानी है। सोमवार को आरोपी एक बार फिर चंदा मांगने के लिए मासूम के मोहल्ले में पहुंचा। जहां बच्ची ने उसकी पहचान की और परिजन को जानकारी दी। परिजन और पड़ोसियों ने मनचले को पकड़कर जमकर धुना और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया टीला जमालपुर इलाके में रहने वाली 7 साल की मासूम प्राइवेट स्कूल में तीसरी कक्षा में पढ़ती है। बच्ची की मां ने शिकायत दर्ज करते हुए बताया कि बैरसिया का रहने वाला मोहम्मद सईद (32) उनके मोहल्ले में मदरसे के लिए चंदा लेने आया करता है। 1 महीने पहले आरोपी चंदा लेने मोहल्ले में आया था। इस बीच उसे बच्ची एक गली में मिला वहां उसने मासूम के साथ अश्लील हरकत की। बच्ची ने घर लौटकर मामले की जानकारी दी थी। इसके बाद आरोपी की तलाश की, लेकिन वह नहीं मिला।

आरोपी को देखते ही पहचान गई मासूम

### परिजन ने जमकर धुना व किया पुलिस के हवाले, मदरसे का चंदा मांगने आया था मनचला



सोमवार को आरोपी सईद मासूम के मोहल्ले में चंदा मांगता हुआ देखा गया। मासूम ने उसे पहचान लिया और परिजन का बताया कि इसी ने उसके साथ अश्लील हरकत की थी। मां ने मोहल्ले वालों की मदद से आरोपी को पकड़ लिया। पति को इस बात की जानकारी दी और पति के साथ आरोपी को लेकर थाने पहुंची। यहां सईद के खिलाफ केस दर्ज कराया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उससे पूछता शुरू कर दी है।

## कमरे में लगे झूले पर फंदा बनाकर लगाई फांसी



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** रातीबढ़ थाना क्षेत्र स्थित बरखेड़ी कला में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। किराएदार ने रविवार रात उसे फांसी के फंदे पर लटका देख पुलिस को सूचना दी थी। शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया गया है। सुसाइड नोट नहीं मिलने से आत्महत्या के कारण स्पष्ट नहीं हो सके है। पुलिस ने बताया कि दशरथ यादव पिता स्वर्गीय चंदन सिंह (38) बरखेड़ी कला, मकान नंबर 115 में रहता था। उसके परिवार में मां के अलावा दो बहनें है। बहनों की शादी हो चुकी है और वह अपने परिवार के साथ रहती है। दशरथ पेशे से पेंटर था और शराब पीने का आदी था। शराब के नशे में वह अक्सर घर में हंगामा और विवाद करता था। उससे परेशान होकर मां और छोटा भाई अलग रह रहे थे। दशरथ यहां अकेला रहता था और आसपास किराएदार रहते हैं। किराएदार ने सोमवार रात दशरथ को घर में लगे रस्सी के झूले पर लटका देखा था। पुलिस ने बताया कि उसने फांसी कैसे लगाई है इसकी जांच की जा रही है। घर में सीसीटीवी कैमरे लगे हुए है। कैमरे के फुटेज अभी देखे नहीं जा सके।

# घर में घुसे बदमाशों ने बुजुर्ग को धमकाया, पांच हजार रु. और अंगूठी लेकर भागे

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

### गुरुद्वारा के नाम से चंदा लेने पहुंचे थे सतगुरू अपार्टमेंट 81 साल के बुजुर्ग से वारदात

बैरागढ़ थाना क्षेत्र स्थित सतगुरू अपार्टमेंट में दिनदहाड़े फ्लैट में घुसे दो बदमाशों ने 81 साल के बुजुर्ग को धमकाते हुए हाथ से अंगूठी उतरवा ली और टेबल पर रखे पांच हजार रुपए लेकर भाग निकले। घटना के समय बुजुर्ग घर में अकेले थे, जबकि उनकी बहू और बेटा नौकरी पर गए हुए थे। पुलिस ने बुजुर्ग की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस ने अपार्टमेंट में लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए तो दो पगड़ीधारी संदिग्ध नजर आए हैं। पुलिस हुलिए के आधार पर उनकी तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार 81 साल के रामंचद्र खड़वानी, सतगुरु अपार्टमेंट ओल्ड बी वार्ड, बैरागढ़ में रहते हैं। उनकी बहू शासकीय स्कूल में टीचर है, जबकि बेटा प्राइवेट काम करता है। सोमवार सुबह बहू बेटा नौकरी पर गए थे, जबकि वह घर पर अकेले थे। दोपहर करीब 1 बजे के आसपास घर की डोरबेल बजी और रामचंद्र ने गेट खोला। इस दौरान दो पगड़ीधारी बाहर खड़े थे। उन्होंने रामचंद्र से गुरुद्वारा में लंगर के लिए चंदा मांगा। रामचंद्र अंदर अपने कमरे में चंदा लेने चले गए। इसी बीच बदमाश उनके पीछे कमरे में पहुंच गए और वहां डरा धमकाकर उनसे अंगूठी उतरवा ली। बदमाश उनके टेबिल पर रखे पांच हजार रुपए भी साथ ले गए हैं।

### दस मिनट तक कुछ समझ नहीं आया

रामचंद खंडवानी ने अपने बयान में बताया कि दोनों आरोपियों ने उन्हें डरा-धमकाकर सोफे पर बिठा दिया था। बदमाशों के भागने के बाद करीब दस मिनट तक वह सोफे पर ही बैठ रहे। उसके बाद उन्हें समझ में आया कि बदमाश उनके पैसे व अंगूठी ले गए हैं। लिहाजा वह किसी तरह अपने फ्लैट से उतरकर नीचे रोड पर आ गए। वहां उन्हें कोई नहीं दिखा। तब उन्होंने अपने बेटे व बहू को मोबाइल पर घटना की सूचना दी।

## हर तरफ पसरी गंदगी



1



2



3

भोपाल, दोपहर मेट्रो। पुराने शहर की कॉलोनियों में हर तरफ गंदगी पसरी पड़ी है। नगर निगम के कर्मी स्वच्छता अभियान को ठेगा दिखा रहे हैं। नियमित सफाई नहीं होने के कारण कचरे से गंदी बदबू आ रही है, जिससे लोग परेशान हो रहे हैं।

# लैब संचालक के घर से नगदी व लाखों के जेवरात चुराने वाले नकबजनों का नहीं लगा सुराग

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

### सीसीटीवी में कैद हुए थे चार नकाबपोश नकबजन, करीब दस लाख के गोल्ड पर किया हाथ साफ

कटारा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित गौरीशंकर आवासीय परिसर में लैब संचालक के सूने मकान से अज्ञात नकबजन 18 हजार रुपए की नगदी समेत जेवरात चुराकर ले गए। घटना 16-17 सितंबर रविवार-सोमवार की दरमियानी रात की है। पांच दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस को नकबजनों का कोई सुराग नहीं लगा सका है। जबकि वारदात का एक सीसीटीवी फुटेज लैब संचालक ने ने पुलिस को सौंपा था। सीसीटीवी फुटेज में चार बदमाश नजर आए थे। चारों मुंह पर कपड़ा बांधे हुए थे। लैब संचालक ने बताया कि उनके घर से करीब दस लाख रुपए का माल चोरी हुआ है। जानकारी के अनुसार 40 साल के दिनेश मालवीय, एलआईजी 11/408, गौरीशंकर आवासीय परिसर में रहते हैं। उनके परिवार में पत्नी के अलावा दो बेटियां है। रविवार शाम करीब 7 बजे वह परिवार के साथ गंजबासौदा गए थे। वहां से सोमवार दोपहर करीब साढ़े 3 बजे अपने निवास पहुंचे। इस दौरान पता चला कि घर के गेट पर लगा सेंट्रल लॉक टूटा हुआ था। वे अंदर पहुंचे तो कवर्ड खुली हुई थी। कवर्ड में पत्नी के चार मंगलसूत्र, तीन हार, कान के टॉप्स समेत बच्चों के सोने के कंगन नहीं थे। इसके अलावा 18 हजार रुपए की नगदी रखी हुई थी, वह भी नकबजनों के हाथ लग गई। दिनेश मालवीय ने बताया कि मल्टी में लगे सीसीटीवी कैमरे चेक करने पर चार चोर नजर आए हैं। सभी मुंह पर कपड़ा बांधे हुए थे।



**मेट्रो एंकर**

### करीब 85 हजार रुपए के माल पर हाथ साफ किया

# रेलवे स्टेशन एस्केलेटर के पास रखे बैग चोरी सोने की चेन समेत ढाई हजार की थी नगदी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

नागपुर से भोपाल अपने बेटे प्रमोद के साथ



राजधानी से गुजरने वाली ट्रेनों और स्टेशन परिसर में चोरी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही है। भोपाल रेलवे स्टेशन पर एस्केलेटर के पास रखे बैग अज्ञात बदमाश चुराकर ले गए। बैग में ढाई हजार रुपए की नगदी, दो तोला वजनी सोने की चेन समेत 85 हजार रुपए सामान था। जीआरपी ने चोरी का प्रकरण दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस रेलवे स्टेशन परिसर पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाल रही है। जीआरपी के अनुसार मंजुला कामले, कटारा हिल्स इलाके में रहती हैं। उन्होंने जीआरपी थाने पहुंचकर शिकायत करते हुए बताया कि रविवार को वह एपी एक्सप्रेस में सफर कर रही थी। वे नागपुर से भोपाल अपने बेटे प्रमोद के साथ पहुंची। रात करीब साढ़े 8 बजे के आसपास प्लेटफार्म नंबर दो पर उतरी थी। नए ब्रिज से बाहर आते समय नई बिल्डिंग के प्लेटफार्म नंबर 1 पर उनके बेटे प्रमोद ने एस्केलेटर से उनका ट्राली बैग और अपना पिट्ठू बैग व एक अन्य बैग रेख साइड में रख दिया। इस दौरान मंजुला कामले ब्रिज पर खड़ी थी। बेटा उन्हें लेने के लिए ब्रिज पहुंचा और मां को नीचे लेकर गया। नीचे पहुंचने पर एस्केलेटर के पास रखे बैग नहीं मिले। मां बेटे ने बैग के बारे में लोगों से पूछा, लेकिन किसी ने भी बैग के बारे में जानकारी नहीं दी। बेग में सोने की चेन, जिसमें सोने का लाकेड लगा हुआ था। इसके अलावा ढाई हजार रुपए की नगदी रखी हुई थी।

### रेवांचल एक्सप्रेस में एसी कोच से अटेंडर का मोबाइल चोरी

इधर, रेवांचल एक्सप्रेस से एसी कोच के अटेंडर का अज्ञात बदमाश ने मोबाइल चुरा लिया। जीआरपी ने प्रकरण दर्ज कर चोर की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बृजेश कुमार उपाध्याय, सतना में रहते हैं। उन्होंने शिकायत करते हुए बताया कि रेवांचल एक्स के एसी कोच मे अटेंडर बतौर नौकरी करते हैं। गत 15 सितंबर को उनकी ड्यूटी थी। वह रीवा से रानी कमलापति पहुंच रहे थे। सागर के बाद उन्होंने सो गए। उस समय उनकी जेब में मोबाइल रखा था। भोपाल आने पर नींद खुली तो मोबाइल चोरी हो चुका था। चोरी गए मोबाइल की कीमत 10 हजार रुपए बताई जा रही है।

# चलती ट्रेन से गिरा यात्री डायल 100 से मांगी मदद

### रेलवे ट्रैक पर करीब एक किलोमीटर जंगल में की सर्चिंग

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**




औबेदुल्लागंज के जंगल में सोमवार सुबह करीब चार बजे एक यात्री चलती ट्रेन से गिर गया। उसने डायल 100 पर कॉल कर मदद मांगी। डायल 100 को इवेंट मिलने पर पुलिसकर्मियों ने लगातार उससे मोबाइल पर बातचीत की और जंगल में पहुंचकर उसे मुख्य सड़क तक लाई। इसके बाद एंबुलेंस की मदद से उसे अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस के अनुसार राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-100 भोपाल सोमवार सुबह करीब 4 बजे सूचना मिली कि औबेदुल्लागंज थाना क्षेत्र में रेलवे ट्रैक किनारे एक यात्री चलती ट्रेन से गिर गया है और ट्रैक किनारे घायल अवस्था में पड़ा हुआ है। डायल-112/100 स्टाफ सउनि संतोष सिंह, प्रधान आरक्षक मंगेश भदौरिया एवं पायलट अनीश खान ने घायल के मोबाइल पर कॉल करते हुए उस तक पहुंच गए। उसने अपना नाम अरुण कुमार बताया। उसने बताया कि वह लखनऊ से भोपाल आ रहा था। नींद लगने के कारण वह भोपाल स्टेशन पर नहीं उतर सका। गेट पर खड़े खड़े उसे नींद का झोंका लगा और वह औबेदुल्लागंज के पास चलती ट्रेन से ट्रैक गिरकर घायल हो गया।

# भेल से रिटायर्ड बुजुर्ग की संदिग्ध मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित सोनागिरी में भेल से रिटायर्ड 82 साल के बुजुर्ग का शव मिलने से सनसनी फैल गई। वे सोनागिरी में अपने मकान में अकेले रहते थे, जबकि उनकी बेटी और दामाद अलग रहते हैं। बेटी दामाद की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उनका शव बरामद कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 82 साल के एससी वर्मा भेल से रिटायर्ड हैं। उनकी पत्नी का निधन हो चुका है। एक बेटी है और उसकी शादी हो चुकी है। बेटी पति के साथ रहती है। यहां सोनागिरी में एससी वर्मा अकेले रहते थे। रविवार रात उनकी तबीयत ठीक नहीं थी। उन्होंने बेटी को बुलाया। बेटी घर पहुंची और पिता को खाना खिलाने के बाद बुखार की दवाई देकर चली गई। सोमवार सुबह बेटी ने पिता को कॉल किया, लेकिन उनका कॉल रीसिव नहीं हो रहा था। लगातार कॉल करने के बाद भी कॉल रीसिव नहीं हुआ था। बेटी दामाद एससी वर्मा के मकान पर पहुंचे। इस दौरान पता चला कि कमरा अंदर से बंद है। किसी तरह दरवाजा खोला गया तो फर्श पर एससी वर्मा बेसुध अवस्था में मिले। उन्हें कस्तूरबा अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने बताया कि उनकी मौत हो चुकी है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया**
**संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022